52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 06.4°c | अधिकतम 21.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:09 सूर्यास्त-5:24 | वर्ष : 52/ अंक : 351 | शुक्रवार, 20 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

भगवान कुछ रिश्ते इसलिए भी तोड़ देते हैं, ताकि हमारी जिंदगी खराब न हो।

उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव त्रुटिपूर्ण, संवैधानिक पद को नीचा दिखाने का प्रयास : हरिवंश

हार पर हार झेलने वाले.... क्या करें कुछ समझ नहीं पाते.....

लोहे की रॉड से युवक की निर्मम हत्या, आरोपी गिरफ्तार

भोपा, 19 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव अथाई में एक व्यक्ति ने आधी रात को तांडव दिखाते हुए गांव निवासी युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी। युवक की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने हत्यारे को नामजद करते हुए थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मृतक मोहन का फाइल फोटो व हत्या के बाद मौके पर जमा ग्रामीण

मृतक मोहन की रोती बिलखती पत्नी व दुधमुंहा बच्चा व पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई में हुई घटना

भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी मिन्टू ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका छोटा भाई 32 वर्षीय मोहन उर्फ मोनू मौहल्ले के ही बुद्धन के साथ रहकर शराब आदि का सेवन करता था। चार दिन पूर्व दोनों मे किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। बुधवार की शाम मोना दूध लेने के लिए घर से गया था। देर शाम तक मोना घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। आधी रात को भाई मिन्टू व अंकित मोना को तलाश कर रहे थे। जैसे ही वे गांव में अशोक की डेयरी के पास पहुंचे तो देखा बुद्धन मोना के सिर पर लोहे के पाईप से वार कर रहा था। यह देखकर दोनों भाई चिल्लाने लगे। आरोपी बुद्धन मोना को खींचकर घर ले जाने लगा। हमारे नजदीक पहुंचने पर बुद्धन मोना को छोड़कर फरार हो गया। तेज घाव व अधिक खून बहने से मोना की मौके पर ही मौत हो गई। मोना की निर्मम हत्या से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी अन्नू व एक माह के दूधमुँहे बच्चे को छोड़ गया है। मोनू की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व निकटवर्ती कस्बा भोकरहेड़ी मे अन्नू से हुई थी। पुलिस ने मौके से ही आरोपी बुद्धन को गिरफ्तार कर आला ए कत्ल लोहे की रॉड भी बरामद कर ली। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

गांव अथाई में जोरों से हो रहा है अवैध शराब का कारोबार

भोपा। गांव अथाई में बुद्धन काफी समय से अवैध शराब का कारोबार करता है। आरोपी बुद्धन भोपा ठेके से शराब लाकर गांव में बेचता है। ग्रामीणों व ग्राम प्रधान ने भी कई बार शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कई बार पुलिस ने बुद्धन को पकड़ा लेकिन फिर छोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार मोहन की हत्या का मुख्य कारण शराब ही है। यदि गांव में अवैध शराब नहीं बिक रही होती, तो आज मोहन जिन्दा होता।

मासूम बच्चे को साथ लेकर देर रात अतिक्रमण हटवाने खुद निकली ईओ

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई से निजात दिलाने के क्रम में लगभग तीन दिन पहले एक नई व्यवस्था लागू की है। उक्त व्यवस्था में रात में कूड़ा उठाया जाएगा। ऐसे में पिछले तीन दिन से सफाईकर्मी रात्रि में कूड़ा उठाने के लिए पूरी तरह से जुटे हुए हैं। स्वयं नगर पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह गुरूवार को अपनी डेढ वर्षीय मासूम बेटी के साथ सड़कों पर उतरी और सफाई व्यवस्था का मौका मुआयना करने के साथ-साथ राह में आ रहे अतिक्रमण को भी हटवा दिया। उन्होंने खम्भे पर लगे अवैध हॉर्डिंग भी हटवाने का काम किया। सफाई व्यवस्था के दौरान उन्होंने खुद प्रशासन की ही कृपा से चल रहे तहसील परिसर के बाहर जूता व्यापारियों के अतिक्रमण को भी हटवाया। देर रात अपनी मासूम बच्ची के साथ जब वे सड़कों पर दिखाई दी तो आमजन ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि यदि किसी भी तरह मुजफ्फरनगर को जगह-जगह पड़ी गंदगी से निजात मिल जाय तो इससे बेहतर कुछ नहीं होगा मगर साथ ही साथ अतिक्रमण हटवाने की भी आवश्यकता थी और यदि ये अतिक्रमण स्थायी रूप से हट जाता है तो शहर का सुंदर रूप निकलकर आएगा।

जिले में निषेधाज्ञा लागू

मुजफ्फरनगर, 19 दिसंबर (बु.)। आगामी परीक्षा और त्यौहारों को देखते हुए जिले में धारा 163 बीएनएस के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। नगर मजिस्ट्रेट ने आज इस संबंध में आदेश जारी किए। इसके तहत यह निषेधाज्ञा 12 फरवरी 2025 तक लागू रहेगी। इस दौरान कल होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए तमाम तरह के प्रतिबंध लगाते हुए परीक्षा केंद्रों पर बाहरी व्यक्ति तथा मोबाइल का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर की परिधि में फोटो स्टेट मशीन व स्कैनर प्रतिबंधित रहेंगे। कक्ष निरीक्षक के द्वारा भी मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा।

पूर्व सांसद कादिर राणा की दोनों बेटियों को मिली रेगुलर जमानत

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। पांच दिसम्बर को पूर्व सांसद कादिर राणा की फैक्ट्री में सेंट्रल जीएसटी की छापेमारी के दौरान हुए हमले में उनकी दोनों बेटियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिन्हें उसी दिन शाम को जमानत पर रिहा कर दिया गया था। मगर उनकी रेगुलर जमानत होनी थी। गुरूवार को पूर्व सांसद कादिर राणा की दोनों बेटियों सादिया व शारिया की रेगुलर जमानत के लिए कोर्ट में अपील की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि एडीजे प्रथम के अवकाश पर होने के कारण एडीजे द्वितीय अशोक कुमार की कोर्ट में हुई, जहां दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद दोनों बेटियों सादिया व शारिया की जमानत मंजूर कर ली गई। जीएसटी टीम पर हमले के मामले में शुक्रवार को पूर्व सांसद कादिर राणा की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई की जायेगी। इसके अलावा जीएसटी चोरी के मामले में भी पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को ही सुनवाई होगी। अब देखना यह होगा कि शुक्रवार को दोनों मामलों में कोर्ट क्या फैसला लेती है।

लद्दावाला पहुंचेंगे यशवीर महाराज, यज्ञ-हवन कर मंदिर का करेंगे शुद्धिकरण

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा प्रमुखता से चार दिन पूर्व प्रकाशित किये गये लद्दावाला में मिला 54 साल पुराना मंदिर की गूंज अब पूरे उत्तर प्रदेश में होती दिखाई पड़ रही है। विभिन्न प्रकार के चैनल पर अब यह समाचार प्रमुखता से छा चुका है और मंदिर के जीर्णोद्धार की उम्मीद जगने लगी है, हालांकि मंदिर की सूचना बड़े भाजपा नेताओं के पास पहुंचने के बाद भी उनके कानों में कोई जूं नहीं रेंगी। क्योंकि उन्हें तो चुनाव के समय पर सिर्फ हिन्दुत्व के नाम पर वोट चाहिए होते हैं। बाद में ये सब चीजें उन्हें बेफिजूल लगने लगती हैं। कुछ हिंदूवादी नेता बढ़-चढ़ कर इस मंदिर के जीर्णोद्धार के मूड में दिखाई भी पड़ रहे हैं, मगर उक्त मंदिर मुस्लिम आबादी में होने

के कारण कई तरह से विचार मंथन चल रहा है। ऐसे में बघर आश्रम के यशवीर महाराज द्वारा उक्त मंदिर के शुद्धिकरण के लिए मुहिम उठाई गई है, जिसमें यशवीर महाराज 22 दिसम्बर को लद्धावाला स्थित इस शिव मंदिर में पहुंचकर हवन यज्ञ करेंगे। इस क्रम में पुलिस को इस बाबत सूचना मिल चुकी है कि यशवीर महाराज इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए हवन करने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जायेंगे। ऐसे में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवन, आरती आदि धार्मिक कार्यक्रम कराये जाने की संभावना जताई जा रही है। अब देखना यह होगा कि कहीं यशवीर महाराज के इस आह्वान को पुलिस किस रूप में लेती है और उन्हें वहां जाने से रोकती है अथवा हवन पूजन करने देती है।

देर रात व्यापारी के घर जीएसटी की छापेमारी से हड़कम्प

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र के कृष्णा विहार में जीएसटी की छापामारी की सूचना से हड़कम्प मच गया। दरअसल, देर रात कृष्णा विहार निवासी संदीप चीकू के घर दस्तावेजों के मिलान को लेकर जीएसटी टीम ने छापामार कार्यवाही की। छापामारी के दौरान जीएसटी टीम में शामिल अफसरों ने किसी को भी कार्यवाही की जानकारी देने से इंकार कर दिया। पूरा मामला क्या है, यह तो शुक्रवार को ही जीएसटी विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पता चल पायेगा। मगर बताया जाता

है कि उक्त व्यापारी अशिकांशतः इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट का काम करता है। उक्त व्यापारी का पहले से ही लोहे का बड़ा व्यवसाय भी है। समाचार लिखे जाने तक व्यापारी व उनके परिवार के सभी लोगों के मोबाइल फोन पर किसी प्रकार की कोई बात नहीं हो पाई, मगर जीएसटी की छापेमारी की सूचना से क्षेत्र में हड़कम्प मच रहा। आपको बता दें कि हाल ही में पांच दिसम्बर को भी सेंट्रल जीएसटी की टीम द्वारा अलग अलग चार उद्योगपतियों के यहां पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया गया था। इस दौरान कादिर राणा के परिवार के कई लोग जेल गये थे, ऐसे में लगातार जीएसटी की छापामार कार्यवाही से पूरे जनपद में हड़कम्प के हालात पैदा हो रहे हैं।

प्रयागराज कुंभ मेले में मुजफ्फरनगर रोडवेज की 117 बसें होंगी रवाना

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। जनवरी माह में प्रयागराज में कुंभ की तैयारी जोरों पर चल रही है। लाखों लोगों के कुंभ में स्नान के लिए उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार पूरे जोश से इस मेले को और अधिक सफल बनाने में लगी हुई है। इसी

पूरी बस ले जाने वाले को दो सवारियां फ्री मिलने की घोषणा

के चलते आज रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार सिन्हा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर क्षेत्र सहारनपुर मंडल में आता है, ऐसे में प्रयागराज कुंभ मेले में पूरे मंडल से 400 बसें संचालित की जायेंगी, जिनमें मुजफ्फरनगर जनपद की 117 बसें शामिल होंगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी व्यक्ति उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की पूरी बस ले जाना चाहेगा, उसे दो यात्री फ्री ले जाने की सुविधा का लाभ सरकार की ओर से दिया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने चालक व परिचालक को सख्त हिदायत देते हुए उनसे मधुर व्यवहार की सलाह दी, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जो चालक अथवा परिचालक बस चलाते समय शराब के नशे में मिला तो उस पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। बसों के संचालन के समय के भी सख्त निर्देश चालक और परिचालकों को दिए गये हैं। सहायक प्रबंधक प्रभात कुमार का कहना था कि समय से बसें चलें और समय से प्रयागराज पहुंचे, देर-सवेर से बसें पहुंचने की शिकायत उच्चाधिकारियों को नहीं मिलनी चाहिए। हर बस के लिए उचित स्थान पर उसके स्टॉपिज की व्यवस्था की जायेगी। यात्रा के दौरान बैठने की पर्याप्त सुविधा के साथ ही प्राथमिक चिकित्सा किट और पानी भी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूरा सहारनपुर मंडल महाकुंभ की तैयारियों में अभी

से जुट गया है। प्रदेश सरकार द्वारा यदि कोई और निर्देश मिलते हैं तो उन्हें भी आम जन के बीच तक पहुंचाया जायेगा।

बकाया वसूलने घर पहुंची विद्युत टीम को बनाया बंधक, मारपीट का आरोप

गांव पलड़ी में जेई के साथ पहुंचे विद्युत कर्मचारियों को दौड़ाकर लाठी-डंडों से की गई पिटाई

खतौली, 19 दिसम्बर (बु.)। एकमुश्त समाधान योजना को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की गांव पलड़ी पहुंची टीम को एक बकायादार और उसके परिवार जनों ने गाली गलौच करते हुए बैल्टों व लाठी-डंडों से जमकर पिटाई करते हुए खूब दौड़ाया। किसी प्रकार जान बचाकर भागे विद्युत अधिकारियों द्वारा कोतवाली पहुंच कर हमलावरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई।

मिली जानकारी के अनुसार विद्युत बिलों के एकमुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत अवर अभियंता सुनील कुमार के नेतृत्व में साहिल सैनी, महेश, विकास, दीपक आदि विद्युत कर्मचारियों की टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव पलड़ी में विद्युत बिलों के बकाया राजस्व की वसूली के लिए कैम्प का आयोजन किया गया था। बताया जाता है कि विद्युत टीम जब गांव में एक बकायादार उपभोक्ता के घर पर पहुंची तथा उपभोक्ता को विद्युत बकाया भुगतान कर नोटिस देने लगी तो उपभोक्ता ने नोटिस लेने से मना करते

हुए विद्युत टीम के साथ गाली गलौच शुरू कर दी तथा विवाद इतना बढ़ गया कि उपभोक्ता के परिजनों ने विद्युत टीम के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान बकायेदार ने एक विद्युत कर्मचारी को मकान में बन्धक बना लिया तथा इसके पश्चात बकायेदार परिजनों द्वारा विद्युत टीम की बैल्टों व डन्डों से जमकर हमला बोलते हुए उन्हें जमकर दौड़ाया। अचानक हुए हमले से विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। किसी प्रकार विद्युत टीम ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इसके पश्चात विद्युत विभाग के जेई द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर हमलावरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई। तहरीर में विद्युत विभाग द्वारा बकायेदार द्वारा अपने साथियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए घटना में विद्युत कर्मी महेश सहित अन्य विद्युत कर्मियों का घायल होना बताया गया है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा विद्युत विभाग की तहरीर के आधार पर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

मुख्यमंत्री योगी ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ

लखनऊ, 19 दिसंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा।

आमिर ने किया राधा कृष्ण मंदिर में चोरी का प्रयास

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अबुपुरा में बुधवार की रात एक चोर वहां स्थित राधा कृष्ण मंदिर में घुस गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में मौहल्ले के एक व्यक्ति का फोन आया कि कोई चोर मंदिर में चोरी का प्रयास कर रहा है। व्यक्ति की सूचना पर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गये और आरोपी को रंगे हाथों मंदिर का ताला तोड़ते हुए पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद उसने भागने का प्रयास किया, जिस पर क्षेत्र के लोगों ने उसकी पिटाई की। पिटाई के बाद चोर ने अपना नाम आमिर बताया, जोकि निवासी गहराबाग का रहने वाला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया।

अमित शाह पर खूब भड़के भीम आर्मी के कार्यकर्ता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरोध में की नारेबाजी

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। भीम आर्मी जय भीम संगठन के दर्जनों पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए चेताया कि इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास ने कहा कि यदि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस्तीफा नहीं दिया तो सड़कों पर उतरकर भीम आर्मी के कार्यकर्ता बड़ा विरोध प्रदर्शन किए जाने से पीछे नहीं हटेगा। इसके साथ भीम आर्मी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के परमणी में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा एवं संविधान रेप्लिका को तोड़े जाने के मामले में दोषियों की भारतीय सदस्यता रद्द किए जाने की मांग की।

भीम आर्मी नेताओं का कहना है कि, जिस तरह दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों की आवाजों को दबाने का काम मौजूदा सरकार द्वारा किया जा रहा है। देश बाबा साहब के संविधान के अनुसार ही चलना चाहिये, लेकिन मौजूदा सरकार उस संविधान को बदलने का लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर के खिलाफ जो शब्द कहे हैं उनसे पूरा देश, समाज और संविधान को मानने वाले लोगों में आक्रोश पनप रहा है। इस पर जल्द कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो कार्यकर्ता बड़ा प्रदर्शन करने को विवश होंगे। उन्होंने कहा कि बीते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है, इस पर पीएम मोदी को तत्काल गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा ले लेना चाहिये. उन्होंने कहा कि, सोची समझी साजिश के तहत लोगों को आपस में बांटने के लिए इस तरह की बयानबाजी की जा रही है, अगर जल्द इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो देश और प्रदेश की उन्नति नही हो पाएगी। भीम आर्मी ने देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में भीम आर्मी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टैंट कर्मचारी को किया घायल

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला शांतिनगर में टैंट कर्मचारी को कुछ युवकों ने घायल कर दिया। शहर के रामलीला टिल्ला के रहने वाले ललित सैनी ने बताया कि वह टैंट का कार्य करता है। नई मंडी के मौहल्ला शांतिनगर में वह अपने साथी बॉबी के साथ मिलकर टैंट का कार्य कर रहा था। तब 15 दिसम्बर को वहां कुछ लोगों से उसकी कहासुनी व मारपीट हो गई। मगर बुधवार को जब वह अपना काम समाप्त करने के बाद अपने साथी गौतम, अंकुर और कर्ण के साथ घर लौट रहा था तो शांतिनगर राजवाहे के पास कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। ललित सैनी के अनुसार उक्त युवक हथियारों से लैस थे और उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

नई मंडी पुलिस ने 3 किशोरियों को बुढ़ाना से किया बरामद

बुढ़ाना, 19 दिसम्बर (बु.)। जनपद मुजफ्फरनगर की नई मंडी कोतवाली क्षेत्र से बीती बुधवार की देर रात रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुई तीन नाबालिग किशोरियों को बुढ़ाना पुलिस ने सकुशल बरामद कर नई मंडी पुलिस को सौंप दिया। तीनों किशोरियों के बरामद होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में एक सूचना के आधार पर बुढ़ाना पुलिस ने एक रोडवेज बस से तीन नाबालिग किशोरियों को सकुशल बरामद कर लिया। सूचना थी कि उक्त तीनों नाबालिग किशोरियां जनपद मुजफ्फरनगर के नई मंडी कोतवाली क्षेत्र की निवासी हैं, जो अपने अपने घरों से एक साथ ही रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक से गायब हो गयी। तीनों किशोरियां बृहस्पतिवार की सुबह से ही बुढ़ाना क्षेत्र में हैं। तब बुढ़ाना पुलिस ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए भागदौड़ कर तीनों नाबालिग किशोरियों को उस समय बायवाला चौकी क्षेत्र से एक रोडवेज बस से सकुशल बरामद कर लिया, जब वे कहीं अज्ञात स्थान पर जाने की तैयारी कर रही थी। ये तीनों नाबालिग किशोरियां नई मंडी क्षेत्र से बुढ़ाना क्षेत्र में क्यों आई और रात मे कहां रही इस बारे में समाचार लिखे जाने तक कुछ पता नहीं लग पाया था।

संसद के गेट पर अब सांसद-राजनेता नहीं कर सकेंगे प्रदर्शन

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (एजेंसी)। संसद के मकर द्वार के पास हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने बड़ा फैसला लिया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों और राजनीतिक दलों के नेताओं के संसद के गेट पर प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी है। सूत्र ने इसका दावा किया है।

खांजापुर के सनसनीखेज मामले में अब हुई पति व सास के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। छह दिन पूर्व शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खांजापुर में उस समय सनसनी फैल गई थी, जब मां रुकमणी ने अपनी दोनों बेटियों मिट्ठी उर्फ नायरा व पीहू के साथ फांसी लगा ली थी। एक दिन बाद तीनों के मरने का पता तब लगा, जब रुकमणी के पति अंकुश के अनुसार उसने खिड़की से ांकर देखा तो तीनों मां बेटी फांसी पर लटके हुए थे। पति अंकुश व अंकुश की मां ओमवीरी का कहना था कि वे तो एक रात पहले घर में दरवाजा खटखटाकर पड़ोस में जाकर सो गये थे, क्योंकि दरवाजा रुकमणी द्वारा नहीं खोला गया था। लगभग दो दिन तक उक्त मामले में रुकमणी के परिवार की ओर से कोई तहरीर न आने के कारण पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। गुरूवार को महिला के भाई हरवीर सिंह निवासी संभल जनपद के थाना चंदौसी के गांव मोलागढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहन रुकमणी की शादी आठ वर्ष पूर्व गांव पीनना निवासी अंकुश के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसकी बहन का पति अंकुश व सास ओमवीरी लगातार दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन का उत्पीड़न करते थे। उसकी बहन लगातार परिजनों से शिकायत करती फिर मामला ठीक-ठाक हो जाता। इस तरह से आठ साल गुजर गये। मगर मामला फिर भी नहीं सुधरा। भाई के अनुसार बहन ने अपनी दोनों बेटियों के साथ इसी कारण आत्महत्या कर ली। अब पुलिस उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

अवैध होर्डिंग्स पर चेयरपर्सन ने चलाया चाबुक, एक दर्जन होर्डिंग्स कराए जब्त

एटूजेड रोड पर बिना अनुमति 10 एजेंसियों ने लगा दिए होर्डिंग

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। पालिका क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स के मकड़जाल को तोड़ने की दिशा में जारी प्रयासों के बीच तमाम सख्ती के बाद भी सफल नहीं हो पा रहे है। शहर की मुख्य सड़कों में शुमार एटूजेड रोड पर फुटपाथ बनाने के लिए पालिका द्वारा साइड पटरी निर्माण के बीच यहां रातों रात विज्ञापन एजेंसियों ने बिना अनुमति के सड़क किनारे निर्माण को क्षतिग्रस्त करते हुए होर्डिंग्स ठोंक दिए। चेयरपर्सन को मिली शिकायतों के बीच उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कर निर्धारण अधिकारी को टीम के साथ मौके पर भेजकर होर्डिंग्स जब्त कराते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पालिका टीम ने मौके से करीब 12 होर्डिंग्स जब्त कर विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस देने की तैयारी की है।

पालिका प्रशासन द्वारा एटूजेड रोड पर वर्तमान में पाथवे के लिए साइड पटरी निर्माण कराया जा रहा है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को इस बीच शिकायत मिली कि एटूजेड रोड पर साइड पटरी पर अभी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ और यहां रात्रि में सड़क किनारे एक दर्जन होर्डिंग्स लगा भी दिए, जिनकी कोई अनुमति पालिका प्रशासन द्वारा नहीं दी गई है। ऐसी शिकायत मिलने पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने व अवैध होर्डिंग को हटवाते हुए जब्त कर विज्ञापन एजेंसियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। चेयरपर्सन के आदेश पर यहां कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और यहां पर व्यापारी नेता संजय मित्तल ने अवैध होर्डिंग्स की शिकायत करते हुए अपनी नाराजगी जताई। इस बीच वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व सभासद विकल्प जैन, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, अनिल ऐरन यहां पहुंच गये। सभासदों ने भी अवैध होर्डिंग्स को लेकर कर निर्धारण अधिकारी के समक्ष कड़ा ऐतराज जताया।

इन्होंने कहा- कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि चेयरपर्सन के आदेश पर एटूजेड रोड का निरीक्षण किया, जहां पर सड़क किनारे साइड पटरी पर एक दर्जन अवैध होर्डिंग्स लगे हुए पाये गये। इनकी जांच की तो इनमें मौके पर 10 एजेंसियों के होर्डिंग्स लगे हुए मिले हैं। इन एजेंसियों ने शहर में कुछ स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने की अनुमति को आवेदन किया है, लेकिन अभी इनको स्वीकृति नहीं मिली है और एटूजेड रोड पर इन विज्ञापन एजेंसियों ने कोई प्रचार साइट विकसित करने की अनुमति नहीं मांगी है। टीम लगा कर तत्काल जांच के बाद अवैध मिले इन होर्डिंग्स को हटवाने का काम किया गया। बिना अनुमति के होर्डिंग्स लगाये जाने के लिए इन विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा जायेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1757-लार्ड क्लाईव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया। 1780-ब्रिटेन ने हालैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1830-ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और रूस ने बेल्जियम को मान्यता प्रदान की। 1876-महान कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना की थी। 1924-जर्मनी में एडोल्फ हिटलर की जेल से रिहाई हुई थी। 1946-महात्मा गांधी श्रीरामपुर में एक महीने तक रूके थे। 1951-ओमान और ब्रिटेन के बीच समझौते के बाद ओमान स्वतंत्र हुआ था। 1955-भारतीय गोल्फ संघ का गठन हुआ था। 1956-अमेरिकामें सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बसों में होने वाले रंगभेद पर रोक लगाई जानी चाहिए। 1957-गोरख प्रसाद ने पदमुक्त होकर नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा संयोजित हिंदी विश्वकोश का संपादन भार ग्रहण किया। 1963-जर्मनी में बर्लिन की दीवार को पहली बार पश्चिमी बर्लिनवासियों के लिए खोला गया। 1985-तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड रुपये की कीमत वाला हीरा जड़ित मुकुट चढ़ाया गया था। 1988-संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी। 1990-भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए थे। 2007-पाकिस्तान की संघीय शरीयत अदालत ने पाकिस्तान नागरिकता अधिनियम को महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया था। 2008-स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जमा कर्ज.पर ब्याज दरें घटाईं. उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय चुनाव पर रोक लगी। विश्व स्कूल खेलों की मेजबानी भारत को मिली थी।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1500, रसकट ढैया 1225-1240, चाकू 1370-1571, लड्डू 1500-1621, खुरपापाड़ 1390-1402, शक्कर मसाला 1590-1600। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	77850	चांदी-	89300
सिक्का-	10500	गिन्नी-	58250

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 20 दिसम्बर, 2024

मेष- व्यापार में विस्तार, आशानुकूल घटना घटित, प्रियजनों से विचार-विनिमय, कर्ज की अदायगी, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, आनन्द की अनुभूति।

वृषभ- समस्याओं का समाधान, परिवार में हर्षोल्लास की स्थिति, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, जनसम्पर्क का सुयोग, पठन-पाठन में रुचि, विवाद का समापन।

मिथुन- मनोवांछित सफलता, सुखशांति का माहौल, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयास जारी, मानसिक चिंता में कुछ कमी।

कर्क- ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, धन-सम्पत्ति विषयक मसला उलझनें की ओर, मान-सम्मान में कमी का एहसास, व्यक्ति-विशेष से विश्वासघात।

सिंह- नवीन योजनादृष्टिगत, आकस्मिक लाभ, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, वैमनस्यता का समापन, रचनात्मक क्रिया-कलापों में रुचि।

कन्या- अधूरे कार्यों की पूर्ति, आपसी सौहार्द, आत्मविश्वास से कुछेक मसला हल होने की ओर, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक वातावरण सुखद।

तुला- व्यापार में धन निवेश, स्वविवेक से कार्यों में उन्नति, आपसी मतभेद समाप्त, सामाजिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि, शुभ समाचार मिलने से खुशी, धनागम।

वृश्चिक- परिवार में अशांति, विरोधी सक्रिय, कर्ज की अधिकता, आपसी संबंधों में कटुता, राजकीय पक्ष से असहयोग, विवाद की आशंका, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।

धनु- व्यक्तित्व का विकास, आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में अनुकूलता, कठिनाइयों में कमी, नौकरी में प्रोन्नति विषयक मसला हल, अधिकारियों से सहयोग।

मकर- दिनमान भाग्य के पक्ष में, विपरीत कार्यों में उन्नति, प्रयास सार्थक, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, मनो-विनोद के अवसर सुलभ।

कुम्भ- सफलता की दिशा में प्रयास जारी, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शिक्षा में सफलता, धन संचय में प्रवृत्ति, राजनैतिक क्रिया-कलापों में रुचि।

मीन- उन्नति में व्यवधान, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसानदायक, चाहने के बाद भी योजना अधूरी, भाग्य में न्यूनता, धर्म में अरुचि, आपसी वैमनस्यता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भयंकर सर्दी में सड़कों पर उतरे जेई, 50 बकायेदारों के काटे कनेक्शन, हड़कंप मचा

बुढ़ाना, 19 दिसम्बर (बु.)। बिजली विभाग बुढ़ाना पिछले कई दिनों से बकाया वसूली को लेकर अभियान चला रहा है। बृहस्पतिवार के दिन भी विद्युत जेई मनोज कुमार अपनी टीम संग भयंकर शीतलहर में सड़कों पर उतरकर डोर टू डोर गये और उन लोगों को आड़े हाथों लिया, जो बार-बार की चेतावनी के बावजूद भी बकाया विद्युत बिल बिल्कुल भी जमा नहीं करा रहे थे। ऐसे 50 लोगों के कनैक्शन काटे गये और उनको चेतावनी भी जारी की गयी कि वे जल्द से जल्द बकाया बिल जमा करा दें और बिजली की चोरी किसी भी सूरत में ना करें नहीं तो बड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। विद्युत विभाग की टीम के आने के कारण हड़कम्प मचा रहा है।

इस दौरान बुढाना कस्बे के लगभग सभी मौहल्लों में विद्युत टीम को आया देख बकायेदारों में जबरदस्त हड़कंप मच गया और वे सिफारिश कराते नजर आए लेकिन जेई ने किसी की भी नहीं सुनी और साफ शब्दों में कहा कि अगर ज्यादा ही रहम आ रहा है तो वे खुद बकाया जमा करा दें। ये अभियान विद्युत एक्सईएन अजीत कुमार यादव के निर्देश पर लगातार कई दिनों से बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र मे चलाया जा रहा है। इस संबंध में एक्सईएन श्री यादव ने बताया कि आगे भी अभियान चलाकर शेष बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा लगभग 25 बकायेदार उपभोक्ताओं ने ओटीसी योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराकर अपने कनैक्शन कटने से बचाए। टीम में शिवम त्यागी, मोनू मीटर रीडर, अरविन्द लाइनमैन और दीपक बालियान टीजी टू सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

लाला जगदीश प्रसाद कॉलेज में किया शूटिंग रेंज का एनसीसी अफसरों ने निरीक्षण

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरूवार को एनसीसी के कर्नल प्रवीण भाल ने कॉलेज प्रांगण में निर्माणाधीन शूटिंग रेंज का निरीक्षण किया।

कॉलेज प्रांगण में निर्माणाधीन शूटिंग रेंज का निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान परिवेश में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिसर में शूटिंग रेंज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शूटिंग रेंज के लिए विशाल भवन का निर्माण कार्य हो रहा है। शूटिंग रेंज में विद्यालय के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों के छात्रों को भी निर्धारित शुल्क पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि शूटिंग रेंज जनवरी माह में आरंभ होने की संभावना है। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही है। यूपी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण भाल ने विद्यालय में पहुंचकर निर्माणाधीन शूटिंग रेंज का इस बीच स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शूटिंग रेंज के निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा के अतिरिक्त महेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक केएन पंत, शिवकुमार चंदेल भी उपस्थित रहे।

चरथावल में पहली बार होगी पीसीएस परीक्षा, एक मात्र परीक्षा केंद्र पर 480 अभ्यर्थी पंजीकृत

परीक्षा केंद्र पर पहुंचे एसएचओ ने परखी व्यवस्था

चरथावल, 19 दिसम्बर (बु.)। लोक सेवा आयोग के जरिये आयोजित की जा रही पीसीएस परीक्षा 2024 चरथावल के इतिहास में पहली बार होगी। कस्बे में बनाए गए एक मात्र परीक्षा केंद्र पर परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग आदि का जायजा लिया। चरथावल के इतिहास में पहली बार लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षा का आयोजन किया है। आगामी 22 दिसंबर को होने वाली परीक्षा को लेकर चरथावल कस्बे के जय हिंद इंटर कॉलिज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा केंद्र पर 480 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा 2 पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी। पहली पाली सुबह 09:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 11:30 बजे तक चलेगी, जबकि दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सीओ सदर राजू कुमार साव को जोनल पुलिस अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा को निष्पक्ष,पारदर्शी और शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग आदि का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा जहां अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, उन कमरों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था, अभ्यार्थियों के बैठने, परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा की निगरानी पर विशेष ध्यान दिया गया।

श्मशान घाट की रखवाली के लिए महात्मा हुए नियुक्त

बुढ़ाना, 19 दिसम्बर (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बृहस्पतिवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बुढ़ाना कस्बे के शमशान घाट में काफी महीनों से महात्मा नहीं थे। अब बुढ़ाना कस्बे के श्मशान घाट में महात्मा बाबा बाबू राम आये हैं। ना ही तो वे नशा करते हैं और ना ही शराब पीते हैं। कस्बे के हिंदू समाज के गणमान्य लोगों ने उनके रहने की व्यवस्था कर दी है और उनको बताया कि संदिग्ध व्यक्ति श्मशान घाट में घूमता दिखायी ना दे और अगर ऐसा है तो उसकी सूचना डायल 112 को भेजें। वैसे भी चौकी इंचार्ज समय समय पर गश्त करते हैं। श्मशान घाट की तरफ कुछ नशेड़ियों ने महात्माओं का शमशान घाट पर रहना मुश्किल कर दिया था।

बुढ़ाना पुलिस ने एक वारंटी सहित दो आरोपी पकड़कर भेजे जेल

बुढ़ाना, 19 दिसम्बर (बु.)। पुलिस ने एक वारंटी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बा ईंचार्ज ललित कसाना ने हैड कांस्टेबल ज्ञानवीर आदि के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर गश्त करने के दौरान एक वारंटी दीन मौहम्मद पुत्र युसुफ उर्फ युनुस निवासी भारद्वाज नर्सिंग होम के पीछे सफीपुर पटटी बुढ़ाना को उसके मकान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरी और एक मामले में फरार चल रहे बाइक चोर बदमाश नाजिम निवासी लोनी जनपद गाजियाबाद को भी बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कसाना ने एक स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चरथावल में छात्राओं द्वारा बाल मेले का किया गया आयोजन

चरथावल, 19 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के गांधी बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले का उद्घाटन विद्यालय अध्यक्ष मनीष गर्ग, प्रबंधक राजीव कुमार गर्ग, राजेश गर्ग व अरविंद गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेले में छात्राओं द्वारा अनेक व्यंजनों फास्ट फूडस व सौन्दर्यकरण प्रसाधन के अनेक सामानों के स्टॉल लगाकर सभी का मन मोहा। साथ ही छात्राओं ने सुंदर रंगोली भी बनाई। इस अवसर पर कॉलिज की प्रधानाचार्य अनीता गौतम ने छात्राओं के उत्सावर्धन, समरसता एवम सामाजिक भावना एवम सहयोग की भावना विकसित करने का महत्त्व बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के इस तरह के मेलों से व्यवसायिक गुणों का भी विकास होता है। मेले का संचालन विमलेश त्यागी ने किया। इस मौके पर सीमा गुप्ता, मनीषा, विजयलक्ष्मी, पिंकी त्यागी एवम शाकरिंन त्यागी उपस्थित रही।

जुगाड़ की टक्कर से बाइक सवार दो युवक हुए घायल

जानसठ, 19 दिसम्बर (बु.)। जानसठ से खतौली मार्ग पर दो युवकों की बाइक में लेंटर घोलने वाली मशीन जुगाड़ ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव जटवाड़ा निवासी शोएब पुत्र कय्यूम व कासिद पुत्र साबू बृहस्पतिवार की शाम को बाइक से खतौली से वापस अपने घर लौट रहे थे। जानसठ से खतौली मार्ग पर गांव सादपुर के पास पहुंचे, तो लेंटर खोलने वाली मशीन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर गंभीर रूप से घायल शोएब को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अभी तक हादसे की थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई। पुलिस ने स्वजन को सूचना दे दी है।

अफसरों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

जानसठ, 19 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव नंगला कबीर में एसडीएम सुबोध कुमार के नेतृत्व में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नंगला कबीर के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। सरकार के निर्देश पर सभी जनपदों में 19 दिसंबर 2024 से लेकर 24 दिसंबर तक आयोजित किए जाने वाले सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर जानसठ तहसील क्षेत्र के नंगला कबीर में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम सुबोध कुमार के नेतृत्व में गांव नंगला कबीर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग और कृषि विभाग से संबंधित शिकायतें अधिकारियों को प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायतों का इस दौरान मौके पर ही समाधान किया गया।

जीसी पब्लिक स्कूल में टेबल-टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय विभोर संगल अंतर्विद्यालय 13वां टेबल-टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष बोर्ड ऑफ आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति उत्तर प्रदेश और पूर्व चेयरमैन, नगर पालिका परिषद् तथा विशिष्ट अतिथि पंकज अग्रवाल पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद् के कर कमलों द्वारा हुआ। विद्यालय पहुंचने पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि का गर्मजोशी के साथ स्कूल बैंड से स्वागत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम से हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र शर्मा व विशिष्ट अतिथि पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष मिलिंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेश कुमार, प्रबंधक विनोद संगल, सहप्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, उषा संगल, आशा संगल, शशि गर्ग, डॉ. यश अग्रवाल, शिशिर संगल, रामनिवास संगल, अरुण खंडेलवाल, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार बंसल, विजय कुमार शर्मा, डायरेक्टर डॉ. एम. के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैडमिस्ट्रेट (जूनियर विंग) ममता चौहान, नेशनल प्लेयर एवं टेबल टेनिस कोच सौरभ पोद्दार आदि ने दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर जितेंद्र कुमार एवं विभोर संगल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

विद्यालय अध्यापिका मिस कंचन सोनी ने अपने उद्बबोधन में स्व. जितेन्द्र कुमार के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा दीपचन्द ग्रेन चैम्बर इन्टर कॉलेज, सुनील कुमार और अरुण खण्डेलवाल ने स्व. जितेन्द्र कुमार के बारे में अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य आजाद वीर ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए खिलाड़ियों एवं उनके मैनेजर एवं शिक्षकों का स्वागत कर विभोर संगल टी.टी. टूर्नामेंट का परिचय कराया। मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र शर्मा व विशिष्ट अतिथि पंकज अग्रवाल ने बच्चों का खेल के प्रति उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के दो पहलू हैं हार और जीत। प्रत्येक हार के बाद जीत निश्चित है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। टूर्नामेंट में आगरा, सहारनपुर, मेरठ, शामली, गाजियाबाद, नोएडा, बिजनौर, मुजफ्फरनगर आदि स्थानों के 27 स्कूलों से आए लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रथम दिन अंडर -11 बालक वर्ग, अंडर -11 बालिका वर्ग, अंडर -14 बालक वर्ग और अंडर -14 बालिका वर्ग कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जिला टी.टी. एसोसिएशन के मानक चंद गुप्ता, सौरभ पोद्दार, शीलू कुमार, अभिलाष, नैना कुच्छल आदि सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा। मैंनेजर विनोद संगल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कोच और खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएँ दी। संचालन हर्षिता मिश्रा के द्वारा किया गया।

श्री श्याम संकीर्तन में बही भक्ति की रसधारा

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। टाउनहाल प्रांगण में बुधवार रात्रि तृतीय श्री श्याम संकीर्तन में बाबा श्याम का भव्य गुणगान कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजन मंडल के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल समेत बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करवाकर विद्वान पंडितों के द्वारा बाबा श्री श्याम की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। टाउनहाल प्रांगण में श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर परिवार नई मंडी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में बाबा श्याम के भजनों का शुभारंभ करते हुए भीलवाड़ा राजस्थान के मारवाड़ी चंग धमाल राघव दाधीच एवं श्रीधाम बरसाना की भक्ति गायिका रिया ब्रजवासी ने श्याम भजनों के माध्यम से यहां मौजूद श्याम भक्तों को भजन सुनाकर बाबा के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। भजनों की रसधारा प्रवाहित होने के बाद टाउनहाल प्रांगण में मौजूद रहे श्रद्धालु अपने स्थान से मानो चिपक कर बैठ गए। टाउनहाल प्रांगण में इस बीच श्री श्याम बाबा की भक्ति में डुबकी लगाते भक्तों ने केसर चन्दन चंग धमाल के साथ भव्य रूप से सजे बाबा के दरबार में छप्पन भोग, इत्र व पुष्प वर्षा के बूते भक्ति की गंगा में श्रद्धालुओं को पूरी रात्रि भाव विभोर किए रखा। भक्ति गंगा में डुबकी लगाने के बाद बाबा श्याम की आरती के बाद श्री श्याम जी का प्रसाद वितरित किया गया।

टिकौला चीनी मिल के चेयरमैन निधीश प्रकाश को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 19 दिसंबर (बु.)। टिकौला चीनी मिल के चेयरमैन निधीश प्रकाश को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरूवार को मेरठ रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित हुई शोक सभा में उनके परिवार और रिश्तेदारों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य लोग जुटे और उनकी सेवाओं की सराहना की।

आज आयोजित श्रद्धांजलि सभा में निधीश प्रकाश को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर उनके भाई सिद्धि साधन स्वरूप, सुधीश प्रकाश, रविंद्र कुमार, पुत्र अमित स्वरूप, भतीजे निरंकार स्वरूप, राघव स्वरूप, शशांक स्वरूप, पौत्र प्रणव स्वरूप, कंदर्प स्वरूप, स्कंद स्वरूप, वेदांत स्वरूप, कौस्तुभ स्वरूप आदि ने पूजन कराकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद सईदुज्जमा, बुलेटिन संपादक व प्रेस परिषद सदस्य अंकुर दुआ, पूर्व चेयरमैन डॉ.सुभाष शर्मा, भाजपा नेता कुंज बिहारी अग्रवाल, कुश पुरी, एसडी एसोसिएशन के नीरज कुमार व आकाश कुमार, नील कमल पुरी, सीए अजय जैन, हर्षवर्द्धन जैन, डॉ.अशोक पैथोलॉजिस्ट, देवराज पंवार, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल व पंकज अग्रवाल, सुखदर्शन सिंह बेदी, रमा नागर, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, विश्वरत्न, अखिलेश दत्त, राहुल कुमार गोयल, अशोक बालियान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

निहारिका बनी सर्वश्रेष्ठ योग शिक्षक, मिला बेस्ट हेल्थ केयर अवार्ड सम्मान

चरथावल, 19 दिसम्बर (बु.)। कस्बा निवासी निहारिका गर्ग को सर्वश्रेष्ठ योग शिक्षक चुनते हुए बेस्ट हेल्थ केयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। समाजसेवी संस्था हिंदुस्तान जनसेवा समिति ने पंजाब के चीफ एडवाइजरी डॉ. मनजिंदर सिंह की अध्यक्षता में समागम करके देश में अच्छी सेवाएं देने बदले 70 हस्तियों को सम्मानित किया। ये सम्मान विभिन्न स्थानों से आए पेरामेडिकल, आयुर्वेदिक डॉक्टर, योग शिक्षक, फिजियोथेरेपीस्ट, नेचरोपैथीथेरपिस्ट, एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट को प्रदान किए गए, जिसमें चरथावल कस्बा निवासी निहारिका गर्ग को सर्वश्रेष्ठ योग शिक्षक के तौर पर बैस्ट हेल्थ केयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। निहारिका गर्ग ने कई रोगियों को सरवाईकल, माइग्रेन, कमर का दर्द, कंधे जाम, हाथ पांव को सुन होना, घुटनों के दर्दों के मरीजों को अपनी योग चिकित्सा से ठीक कर चुकी है। निहारिका ऑनलाइन योग कक्षा चलाती है, जिसमें देश विदेश के लोग सीखते हैं, निहारिका राष्ट्रीय स्तर की योग जज है।

एम.जी. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हस्तिनापुर में मनाई पिकनिक

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल के प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों को आउटडोर टूर के लिए महाभारत कालीन कुरूवंश की राजधानी के रूप में विश्व विख्यात हस्तिनापुर ले जाया गया। यहां पहुंचे बच्चों ने इस पिकनिक का भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने यहां पर अनेक प्रकार के खेलकूद में हिस्सा लिया तो उनको इस क्षेत्र के धार्मिक और प्राचीन इतिहास की जानकारी देने के लिए अनेक मंदिरों और स्थलों का भ्रमण कराया गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका गर्ग ने गुरूवार सवेरे विद्यालय प्रांगण से प्राइमरी विंग के बच्चों को आउटडोर टूर के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि कक्षा-यूकेजी, कक्षा-1 और कक्षा-2 के छात्र छात्राओं को उनके अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के साथ आउटिंग के लिए धार्मिक और पौराणिक महत्व वाले हस्तिनापुर का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने इस पिकनिक का भरपूर आनंद लिया और प्रकृति को भी नजदीक से समझा। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि बच्चों ने अपनी इस पिकनिक के दौरान प्राचीन पांडेश्वर मंदिर, पांडु टीला की यात्रा की तो वहीं जैन धर्म के प्रमुख तीर्थ जम्बूदीप बडा मंदिर और सुमेरू पवर्त, कैलाश पर्वत, कर्ण मंदिर सहित अन्य धर्म स्थलों पर पहुंचकर दर्शन किये। बच्चों ने यहां अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बने रहने वाले पार्कों में भ्रमण कर जमकर मस्ती की। उन्होंने कहा कि बच्चों को आउटिंग कराने का उद्देश्य यही रहता है कि उनको आत्मनिर्भर रहना सिखाया जा सके। बच्चे एक दूसरे के साथ समय व्यतीत कर अपनी चीजों को साझा करना सीखें। इस यादगार टूर से वापस लौटने पर इन बच्चों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया।

पत्नी संग आपत्तिजनक हाल में पकड़ा तो तड़पा-तड़पाकर मारा

चंदौली, 19 दिसंबर (एजेंसी)। चंदौली जिले के बलुआ थाना क्षेत्र के वंशीपुर नहर में 16 दिसंबर को देवराजपुर निवासी युवक मुन्ना के शव मिलने के मामले में एसपी आदित्य लांग्हे ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया। बताया कि मुन्ना यादव की हत्या गांव के ही राकेश यादव ने किया है। उसने पूछताछ में बताया कि मुन्ना को अपने पत्नी के साथ आपत्तिजनक हाल में पकड़ा था। दोनों को भविष्य में ऐसा न करने को लेकर समझाया पर वे नहीं समझे और बार-बार मिलते रहे। जिस पर योजना के तहत मुन्ना को बुलाकर पहले शराब पिलाई फिर चाकू से वार कर हत्या कर दी। गिरफ्तार राकेश यादव ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मृतक मुन्ना यादव को करीब एक महीने पहले आधी रात को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ लिया था। उसके बाद अपनी पत्नी व मुन्ना यादव को कई बार समझाया था। साथ ही अपनी पत्नी पर नजर रखना शुरू कर दिया। कुछ दिन ठीक रहा लेकिन, बाद में किसी न किसी बहाने मुन्ना यादव और उसकी पत्नी के बीच संबंध बनाने की जानकारी मिल रही थी। पत्नी व मुन्ना की इस कृत्य से समाज में परिवार की बदनामी हो रही थी। ऐसे में मुन्ना को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। कुछ दिन पूर्व मुन्ना यादव की पत्नी पूजा को चहनियां के एक अस्पताल में लड़की पैदा हुई। बेटी के जन्म पर पार्टी करने के बहाने उसे 16 दिसंबर को अपनी दुकान पर बुलाया। इधर, उसके आने से पहले ही अलीनगर तिराहा सकलडीहा से एक तेज धार वाला चाकू खरीदकर अपनी बाइक की डिग्गी में रख लिया। शाम करीब 6 बजे मुन्ना यादव उसकी दुकान पर पहुंचा। कुछ देर बाद राकेश अपनी दुकान बंद करके मुन्ना के साथ शराब ठेके पर गया। जहां से दोनों अंग्रेजी शराब व गिलास आदि लेकर बंशीपुर नहर पुलिया पर गए। मुन्ना यादव के पैग में ज्यादा शराब और अपने पैग में नाम मात्र का शराब डालकर पीता रहा। इसके बाद डिग्गी से धारदार चाकू निकालकर नशे में धुत्त मुन्ना के पेट में कई बार चाकू घोंपा और गले पर भी कई वार किए। ज्यादा जोर लगाने से चाकू की मुठिया टूट गई। मौत की पुष्टि के बाद राकेश मौके से फरार हो गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर ।

पत्रांक 508/E-TENDER/CM-NSY/2024-25 दिनांक 19/12/2024

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2024-25 में नवीनीकृत/

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

संसद और विधानसभा में हंगामा

कल संसद में धक्का मुक्की और हंगामा चला, तो उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी हंगामा हुआ। सभ्यजनों की सभा कहे जाने वाले संस्थानों में सदस्यों का असभ्य आचरण देखकर जनता हैरान है। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सपा विधायक को विधानसभा से बाहर निकाल दिया था, उसके बाद अतुल प्रधान बाहर निकलकर धरने पर भी बैठ गए। कल संसद में धक्का मुक्की हुई, दो सांसद घायल भी हो गए। यह सब अच्छा नहीं है। देखने में आ रहा है कि राजनैतिक दलों में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को अपनाने की एक प्रतियोगिता सी चल रही है। इसी प्रतियोगिता के कारण यह खींचतान दिखाई दे रही है। कांग्रेस लगातार संविधान, जातिगत जनगणना और आरक्षण की बात कर रही है। कांग्रेस के अध्यक्ष दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे हैं। कांग्रेस दलित राजनीति के मामले में बीजेपी से पीछे नहीं रहना चाहती, इसीलिए आम्बेडकर के मामले पर मुखर है। बीजेपी एकता का नारा दे रही है, बीजेपी नहीं चाहेगी कि जातीय अस्मिता का सवाल उभरे। कांग्रेस ने लगातार जातीय अस्मिता को बढ़ावा दिया है और अब बीजेपी इसका जवाब देने की जरूरत महसूस कर रही है। आंबेडकर के इर्द-गिर्द विमर्श पैदा कर बीजेपी यही कोशिश कर रही है। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि कांग्रेस का इतिहास तथ्यात्मक रूप से आम्बेडकर के विरोध का रहा है, तो बीजेपी ने आंबेडकर के सम्मान के लिए बहुत कुछ किया है। बीजेपी ने पंचतीर्थ की स्थापन की। लंदन में जाकर आंबेडकर का स्मारक बनाया। संविधान दिवस बीजेपी के सत्ता में आने के बाद ही से बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। बीजेपी ने बाबा साहेब आंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को संरक्षित किया और तीर्थ के रूप में विकसित किया। उनके व्यक्तित्व और विचार को बढ़ाने के लिए बाबा साहेब आंबेडकर सेंटर स्थापित किया। यह भी निर्विवाद सत्य है कि बाबा साहेब आंबेडकर केवल दलितों के नेता नहीं है बल्कि समूचे भारत के नेता हैं। बीजेपी ने इस विचार को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस ने आंबेडकर की दलित नेता के रूप में छवि गढ़ी, लेकिन बीजेपी उन्हें वैश्विक स्तर पर ला रही है। उनके हर पक्ष को बीजेपी ने बढ़ावा दिया है। मात्र वोट के लिए दलित राजनीति करने वाले नेताओं को अभी जनता कोई अहमियत नहीं दे रही है। बाबा साहेब आंबेडकर की स्वीकार्यता आज सभी दलों में है, उसकी वजह एक ये भी है कि आज आत्मनिर्भर दलित राजनीति कमजोर हुई है। यूपी में बीएसपी, बिहार में लोकजन शक्ति पार्टी या फिर महाराष्ट्र में प्रकाश आंबेडकर आत्मनिर्भर दलित राजनीति को थामे हुए थे, लेकिन वर्तमान समय में ये दलित राजनीति कमजोर हुई है। इन दलों के नेता लगातार प्रगति के लिए प्रयास भी कर रहे हैं मगर न जाने क्यों जनता इन दलों से जुड़ नहीं पा रही है। उत्तर भारत हो, मध्य भारत हो या फिर दक्षिण भारत हो, आत्मनिर्भर दलित राजनीति से आने वाले सांसदों-विधायकों की संख्या कम हुई है। अब कांग्रेस दलित राजनीति का एजेंडा चला रही है। एक समय बीएसपी कहती थी कि संविधान के सम्मान में, बीएसपी मैदान में, आज कांग्रेस और इंडिया गठबंधन कह रहा है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। यही वजह है कि बीजेपी भी दलित राजनीति को लेकर आक्रामक हुई है और दलितों को अपनी तरफ आकर्षित करने के प्रयास कर रही है, महाराष्ट्र और हरियाणा के नतीजे बताते हैं कि दलित बीजेपी से जुड़े हैं। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत में दलितों की आबादी करीब 16.6 प्रतिशत है, लेकिन दलित संगठनों का मानना है कि भारत में दलितों की वास्तविक आबादी 20 प्रतिशत से भी अधिक हो सकती है। लोकसभा में 84 सीटें दलितों के लिए आरक्षित हैं। कांग्रेस को लगता है कि वह आम्बेडकर के मुद्दे पर बीजेपी को घेर कर दलितों में अपने नम्बर बढ़ा लेगी। बीजेपी को लगता है कि लोकसभा चुनाव में तो कांग्रेस का आरक्षण कार्ड चल गया, लेकिन अब वह किसी भी हाल में कोई फेक नेरेटिव नहीं चलने देगी, इसीलिए यह सब हंगामा हो रहा है। इसी हंगामे में कल दो सांसद घायल हो गए प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनसे मिलने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। सारंगी का आरोप है कि राहुल गांधी ने मुकेश राजपूत को धक्का मारा, जिससे वह उनके ऊपर गिर पड़े। सारंगी के माथे पर चोट आई है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने दोनों को फोन कर दोनों का हालचाल लिया। प्रताप सारंगी के चोटिल होने का एक वीडियो सामने आया है कि जिसमें वे जमीन पर चोटिल अवस्था में बैठे हैं और आस-पास बीजेपी सांसद हैं। इस वीडियो में राहुल गांधी पास आते नजर आए, जिसके बाद निशिकांत दुबे ने उन्हें काफी खरी-खोटी सुनाई और धक्का देने का आरोप लगाया। निशिकांत दुबे इस वीडियो में कह रहे हैं कि गुंडागर्दी करते हो, बूढ़े को धक्का मारते हो, इंसानियत नहीं है। इस पर राहुल गांधी का जवाब आता है, और वे कहते हैं कि इतना सा ही है। राहुल ने यह भी कहा कि इन्होंने भी मुझे धक्का दिया था, जिस पर बीजेपी सांसद भड़क जाते हैं और जोर-जोर से चिल्लाने लगते हैं। बीजेपी सांसदों के गुस्सा दिखाने के बाद राहुल गांधी चले जाते हैं। कई केंद्रीय मंत्रियों और बीजेपी सांसदों ने दोनों ही चोटिल सांसदों से अस्पताल में मुलाकात की है। इन सभी ने कांग्रेस पर संसदीय मयार्दा तोड़ने का आरोप लगाया है। इस मामले में बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया है और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ को चिट्ठी लिखी है। इस मामले में राहुल गांधी ने कहा कि मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। राहुल ने दावा किया कि खरगे और प्रियंका गांधी के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, लेकिन इससे विपक्ष को फर्क नहीं पड़ता। यह संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है। राहुल पर बीजेपी की महिला सांसद ने भी आरोप लगाया है, जिससे राहुल गांधी असहज हो सकते हैं। बीजेपी की नगालैंड से महिला सांसद फांनोन कोन्याक ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी बेहद करीब आकर खड़े हो गए, जिससे मैं असहज हो गई थी। हम बेहद शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी आए और मेरे ऊपर चिल्लाने लगे। किसी महिला सांसद पर इस तरह चिल्लाना राहुल को शोभा नहीं देता है। मैं बहुत दुखी हूं और सुरक्षा चाहती हूं। इन सब आरोपों ने अगर तूल पकड़ा, तो राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

'बिजली' 'अफसर' 'माला' 'रिश्वत'

बिजली चोरी करने वाले अफसर को धमकाते हैं,
ऐसे चोरों के भी गले में माला डाली जाती है।
अच्छे दिखने वाले भी कुछ ऐसे हैं जिनके द्वारा,
बेशर्मी से हठधर्मी से रिश्वत खा ली जाती है।

ਵਾਹੇ
॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

01.01.1940-17.12.2024

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री हंसराज जी दुआ (पुत्र स्व. श्री कालाराम जी दुआ) का स्वर्गवास
दिनाँक 17.12.2024 को हो गया है। वाहेगुरु जी की ऐसी ही इच्छा थी।

कीर्तन एवम् अंतिम अरदास

दिनांक:-20 दिसम्बर 2024 (शुक्रवार), दोपहर 2 से 3 बजे
स्थान:- गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गली न. 10, गांधी कॉलोनी, मु. नगर

-: शोकाकुल परिवार :-

विजयलक्ष्मी दुआ (भाभी)
नंद लाल हुआ (भाई)
मदन दुआ (भाई)
बिमल- सुभाष वधवा (बहन-बहनोई)
राज -अजय बत्रा (पुत्री-दामाद)
रूपल -पंकुल सखूजा (पौत्री-दामाद)
कीर्ति -गौरव त्रिक्का (पौत्री-दामाद)
हेमंत बत्रा- श्रेया (धेवता-धेवतावधु)
नवीन बत्रा (धेवता)
काशवी, वामिका (पड़धेवती)

किशोर दुआ -ऊषा (पुत्र-पुत्रवधु)
प्रकाश दुआ -स्व. अनीता (पुत्र-पुत्रवधु)
गुलशन दुआ- नीलम (पुत्र-पुत्रवधु)
संजय दुआ -कंचन (पुत्र-पुत्रवधु)
मनीष -भूमिका (पौत्र-पौत्रवधु)
इशांत -गीतिका (पौत्र-पौत्रवधु)
हर्ष, यश, पारस (पौत्र)
मुस्कान (पौत्री)
सिद्धांत, अर्श, सोहम (पड़पौत्र)

-: प्रतिष्ठान :-
हैप्पी कन्फैक्शनरी, 753, गली न. 9. गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
M. 9837388135,9897072710,8126302300,9671313059

खाली मकान में सामूहिक नमाज पढ़ने पर दो समुदाय के बीच लोग, तनाव

बदायूं , 19 दिसंबर (एजेंसी)। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव नागपुर में नमाज़ पढ़ने को लेकर दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने खाली मकान में पहले मदरसा बनाया, फिर उसे धर्मस्थल का रूप दे दिया। इसमें नमाज़ अदा करने लगे। इसका विरोध करते हुए गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार को हंगामा कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में तनाव फैल गया। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों समुदायों के लोगों को कोवताली बुला लिया। यहां पर एसडीएम, सीओ और तहसील भी पहुंच गए। तय हुआ की गांव में नमाज अदा नहीं की जाएगी। मदरसा चलाने पर भी रोक लगा दी गई है। गांव नागपुर में दूसरे समुदाय का धर्मस्थल नहीं है। गांव में एक मकान खाली है। इसमें कुछ माह पहले मदरसा बना दिया गया। यहां पर बच्चों को तालीम दी जाने लगी। आरोप है कि मदरसे के बाद उसी भवन को धर्मस्थल का रूप दे दिया गया। सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाने लगी, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध करना तो पहले से ही शुरू कर दिया था, लेकिन मामले ने तूल बृहस्पतिवार को दोपहर पकड़ा। बृहस्पतिवार दोपहर कुछ लोग नमाज अदा करने के लिए मकान की तरफ चले तो गांव के लोगों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। इससे गांव में तनाव फैल गया। दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। इसके बाद दोनों समुदाय के लोगों को बिसौली कोतवाली बुला लिया।

आईआईए मुजफ्फरनगर ने उद्योग में उत्तराधिकार परिवर्तन एवं एमएसएमई में निकास योजना, विलय और अधिग्रहण पर की चर्चा

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बुस.)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मुजफ्फरनगर चैप्टर द्वारा बुधवार को होटल स्वर्ण इन्न एंड सुइट्स में "एमएसएमई में उत्तराधिकार परिवर्तन, निकास योजना, विलय और अधिग्रहण के मध्यम से व्यवसाय वृद्धि" विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान चेयरमैन विपुल भटनागर ने की। कार्यक्रम का संचालन अमन गुप्ता और राहुल मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिन्होंने इसे प्रभावी ढंग से आयोजित किया और सभी उपस्थित सदस्यों को विषय-वस्तु से जोड़े रखा। बैठक की शुरूआत में सीए आयुषी पुरी स्वरूप, जो आईआईए के पूर्व चेयरमैन कुश पुरी की पुत्री हैं, ने एमएसएमई में विलय, अधिग्रहण और निकास योजना पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने इस प्रक्रिया के व्यावसायिक लाभों, संभावित जोखिमों और कर संबंधी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उनकी प्रस्तुति को सदस्यों ने अत्यधिक उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। युवा पीढ़ी में जोश और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था, जिससे बैठक का माहौल और अधिक ऊर्जावान हो गया। इसके बाद दिल्ली से आए मुख्य वक्ता डॉ. रवि गुप्ता (एडवोकेट) ने उत्तराधिकार परिवर्तन योजना के माध्यम से व्यवसाय वृद्धि पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संपत्ति और व्यवसाय को उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित करने के लिए एक सुविचारित योजना बनानी चाहिए। साथ ही उन्होंने इस प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों, कानूनी पहलुओं और कर के प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित सदस्यों ने बहुत गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। प्रश्नोत्तर काल में सभी ने अपनी जिज्ञासाओं को पूछा। अमित जैन सचिव ने इस अवसर पर नई पीढ़ी के योगदान की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास और अनुभव को बढ़ाने में सहायक होते हैं। बैठक के अंत में विपुल भटनागर ने वक्ताओं, और सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए इसे एक उपयोगी और विचारोत्तेजक कार्यक्रम बताया व कहा कि आईआईए में जिस प्रकार युवा बैठकों में सहभागिता कर रहे हैं। आईआईए को उत्तराधिकारियों के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। हमारी विरासत को सम्भालने के लिए जोशीले युवा उद्यमी आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एसोसिएशन का रोल इसी प्रकार के सेमिनार के माध्यम से उद्यमियों को अपडेट करना है। इससे सबको लाभ होगा। अंत में उन्होंने सभी को रात्रि भोज के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में अमित गर्ग, अश्विनी खंडेलवाल, उमेश गोयल, मनोज अरोड़ा, पंकज गर्ग, राहुल अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, आचमन गोयल, रजत जैन, नवीन जैन, नीरज केडिया, कुश पुरी, राज शाह, अधिवक्ता तुषार, अरविंद मित्तल, अरविंद गुप्ता, सौरभ मित्तल, अशोक शाह, आकाश गर्ग, मून गर्ग, अनमोल गर्ग, वंश सांगल, केशव गर्ग, अपूर्वा अग्रवाल, सीए अजय अग्रवाल एंड एसोसिएट्स, पंछी अरोड़ा, प्रमोद अरोड़ा, अनुज स्वरूप बंसल, और रविंद्र सिंघल सहित कई प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे। यह बैठक सभी उपस्थित उद्यमियों और उद्योगपतियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही। इससे व्यवसाय की नई रणनीतियों और उत्तराधिकार योजना की बेहतर समझ विकसित हुई।

एडीएम वित्त ने सुनी उद्यमियों की समस्याएं

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बुस.)। फेडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कामर्स एण्ड इंडस्ट्री के फेडरेशन भवन पर अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) गजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु बैठक का आयोजन हुआ। बैठक का संचालन फेडरेशन सचिव अभिनव स्वरूप ने किया और अध्यक्ष अंकित संगल द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में उपायुक्त उद्योग जैसमिन फौजदार द्वारा उद्योग बन्धु के एजेण्डे में शामिल समस्याओं से अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित विभाग को आदेश दिये, जिसमें मुख्य रूप से संधावली अण्डरपास से मेरठ रोड होते हुए खम्बों पर लाईटों को लगवाने के तुरन्त निर्देश दिये। साथ ही अधिशासी अधिकारी को नगरपालिका क्षेत्र में आने वाले इंडस्ट्रीयल एरिया में समुचित साफ-सफाई हेतु दिशा-निर्देश दिये और ईएसआईसी विभाग के डॉक्टर्स को कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुसार प्रतिदिन अपने कार्यालय में उपस्थित रहे और राज्य कर्मचारी बीमा निगम के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियों की समस्याओं को तुरन्त दूर करें। साथ ही विद्युत कर्मचारियों को इण्डस्ट्रीज को अविलम्ब विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने हेतु कहा गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को कहा कि शहर में एक नया फायर स्टेशन खोलने हेतु प्रक्रिया में तेजी लाये, जिससे संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। फेडरेशन अध्यक्ष अंकित संगल ने अपर जिलाधिकारी की कार्यशैली का स्वागत किया और कहा कि फेडरेशन को उद्योग हित में उनका सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से फेडरेशन अध्यक्ष कोषाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नीलकमल पुरी, के.एल. अग्रवाल, आईआईए सचिव अमित जैन, अंकुर गर्ग, दीपक मित्तल, कार्तिक अग्रवाल, जगरोशन गोयल, अभिषेक अग्रवाल, आशीष बंसल, आदि उपस्थित रहे।

समर्पित युवा समिति की प्रेरणा से किया नेत्रदान

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बुस.)। रक्तदान के साथ-साथ अब नेत्रदान में भी जिले की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति के नेत्रदान अभियान को जनता का भरपूर समर्थन मिलना प्रारंभ हो गया है। आज दोपहर लगभग 12:30 बजे द्वारिकापुरी निवासी कांता रानी(94 वर्ष) का वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया। उनके पुत्र कमल गोयल ने समर्पित युवा समिति के संस्थापक सदस्य अमित पटपटिया से दिवंगत से नेत्रदान के लिए संपर्क किया, तुरंत ही अमित पटपटिया ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में संपर्क किया, तो लगभग 2 बजे मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज की टीम उनके निवास स्थान पर पहुंची, जहां जांच करने पर दोनों कॉर्निया स्वस्थ पाई गई, तो कांता जी के परिवार जिनमें पुत्र कमल गोयल व पुत्रवधु वीना गोयल मीनू गोयल (पोती) पीयूष खंडेलवाल (दामाद) ने सर्वसम्मति से नेत्रदान की सहमति दी। मेडिकल टीम द्वारा पूरी सजगता से कांता रानी जी की दोनों कॉर्निया निकाली गई, जिन्हे परिवार ने 2 जरूरतमंद मरीजों के लिए दान कर दिया। समर्पित युवा समिति के संस्थापक सदस्य संजीव अरोड़ा ने बताया कि जिस प्रकार समर्पित युवा टीम रक्तदान के क्षेत्र में अपने समर्पण एवं निष्ठा के कारण एक विशिष्ट पहचान बन चुकी है। उसी प्रकार नेत्रदान में भी हम सभी पूर्ण समर्पण के साथ लगे हुए हैं और जनता को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि सभी को गोयल परिवार से प्रेरणा लेते हुए नेत्रदान के क्षेत्र में आगे आना चाहिए, जिससे जरूरतमंदों की नेत्र ज्योति लौटाई जा सके। हम समर्पित युवा आम जनता को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर नेत्रदान पंजीकरण शिविर लगाते रहते हैं, जिसमें लोग काफी रुचि ले रहे है।

श्रीराम चरित मानस नव दिवसीय सामूहिक पारायण 22 दिसंबर से

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बुस.)। मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष पौष मास के अन्तर सर्वपितृ प्रसन्नता हेतु किया जाने वाला श्रीराम चरित मानस नवाँहन पारायण सामूहिक पाठ आगामी 22 दिसंबर दिन रविवार से 30 दिसंबर दिन सोमवार तक श्री नंगली कुटिया गांधी कॉलोनी में प्रतिदिन प्रातः7 बजे से 10 बजे तक होगा। यह जानकारी देते हुए मानव कल्याण पारिषद के कार्यक्रम संयोजक एवं समन्वयक प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा बताया गया कि पाठ का संचालन राज कुमार अग्रवाल एवं पवन सिंह पुंडीर एडवोकेट प्रयागराज उच्च न्यायालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। पूजन आचार्य पंडित नवल किशोर मिश्रान मार्गदर्शक पण्डित बृजलाल जी शास्त्री रहेंगे। पाठ के विश्राम के उपरांत नववर्ष के प्रथम दिवस 1 जनवरी दिन बुधवार को प्रतिवर्ष की भांति सुन्दरकांड कृतज्ञता पाठ हेतु सिद्धबली कोटद्वार हेतु प्रातः6 बजे शिवचौक से बसों द्वारा प्रस्थान किया जाएगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में की तोड़फोड़

मुंबई, 19 दिसंबर (एजेंसी)। डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम पर सियासत गरमा गई है। दिल्ली भड़की सियासी आग की चिंगारी अब महाराष्ट्र तक पहुंच गई। एक तरफ जहां विपक्ष लगातार केंद्रीय मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहा है। वहीं, अब महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कांग्रेस के खिलाफ सड़क पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया।

मुजफ्फरनगर के सामाजिक कार्यकर्ता कमर इंतखाब को दिल्ली में किया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बुस.)। 18-19 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली के विश्व युवा केंद्र में अंतराष्ट्रीय संस्था एक्शनऐड एसोसिएशन द्वारा मानवाधिकार सप्ताह के अंतर्गत "मानवाधिकार प्रहरियों" का एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय मानवधिकार आयोग के सेकेट्री जनरल व सीईओ भरतलाल मुख्य अतिथि रहे। भरत लाल ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला और भारत की सभ्यतागत विरासत में सहानुभूति, करुणा और बंधुत्व के मूल्यों की सराहना की। समाज की लड़ाई में देश भर में सक्रिय भूमिका निभा रहे मानवधिकार कार्यकर्ताओ की प्रशंसा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और कहा कि एनएचआरसी उन सभी मानवधिकार रक्षकों के साथ खड़ा जो समाज में समानता और न्याय को लेकर प्रतिबद्ध है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने युवाओं, मजदूरों और महिलाओ के अधिकारों पर कहा कि समाज को बेहतर और जागरूक बनाने के लिए इस समय अत्यधिक प्रयासों की जरूरत है। इस दिशा मे मानवधिकार कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना उनमे दृढ़ मनोबल के साथ नई सोच और ऊर्जा का संचार करेगा। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजदूरों एवं वंचितो के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता कमर इंतखाब को "ह्यूमन राइट्स डिफेंडर अवार्ड 2024" से सम्मानित किया गया। कमर इंतेखाब पिछले डेढ़ दशक से देश के विभिन्न भागों में शिक्षा, सद्भावना, शांति पर कार्य कर रहे जो और वंचित समुदाय को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण निभा रहे है। मुजफ्फरनगर में विगत 4 वर्षो में 3000 से अधिक असंघठित मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया है। हजारों बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ चुके हैं। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों बंधक मजदूरों को भी मुक्त कराया है। मजदूरों के पुनर्वास, कार्यस्थल पर होने वाली हिंसा, वेतन चोरी, कम वेतन आदि मुद्दों की एडवोकेसी करके उन्हे न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। समारोह में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नैरोलिया, पॉपुलेशन फाउंडेशन निदेशक पूनम मुटरेजा, एक्शनऐड निदेशक संदीप छाचा, सहायक निदेशक खालिद चौधरी, दीपाली शर्मा, एडवोकेट मानविका शिवहारे समेत देश भर से आये 200 से अधिक मानवधिकार कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पालिका में बृजमोहन अध्यक्ष व सुनील वर्मा बने महामंत्री

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने दी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् में स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसहमति से संपन्न करा लिया गया। इसमें कर्मचारियों ने एक बार फिर एक राय होकर अध्यक्ष पद पर बृजमोहन की ताजपोशी की तो वहीं महामंत्री पद पर सुनील वर्मा की वापसी हुई है। हालांकि गुरूवार सुबह नगरपालिका परिषद में संगठन से जुड़े कुछ कर्मचारियों ने चुनाव में प्रचार का समय कम होने की बात करते हुए अगले माह चुनाव की मांग की थी। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन शाखा नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष व महामंत्री के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम के लिए एक बैठक नगर पालिका परिषद के सभागार में आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रान्तीय उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत वर्षो से स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन शाखा नगर पालिका परिषद द्वारा कर्मचारी हितों के लिए मजबूती से आवाज उठाई जाती रही है तथा भविष्य में भी संगठन को मजबूत करने के लिए योग्य एवं कर्मठ व्यक्तियों का अध्यक्ष एवं महामंत्री का चुनाव सर्वसम्मिति से कर लिया जाए।

सदन में लिपिक नितिन कुमार ने बृजमोहन को अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि विगत 2 वर्षों से बृजमोहन ही संगठन अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होते आ रहे हैं और कर्मचारी हितों के लिए उनका कार्यकाल उच्च श्रेणी का रहा है, जिसे सदन द्वारा स्वीकार किया गया। इसी प्रकार निवर्तमान महामंत्री विकास शर्मा ने इस पद पर सुनील वर्मा को चुने जाने का प्रस्ताव रखा, उसे भी एक राय से स्वीकार किया गया। इसके बाद ओमबीर सिंह, प्रान्तीय उपाध्यक्ष द्वारा बृजमोहन को अध्यक्ष व सुनील वर्मा को महामंत्री के रूप में चुने जाने की घोषणा की। बाद में निर्वाचत अध्यक्ष व महामंत्री ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के कार्यालय कक्ष में उनसे जाकर मिले, यहां ईओ द्वारा नव निर्वचित अध्यक्ष व महामंत्री को अपनी शुभकामनाएं दी तथा संगठन पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा भी की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा उनको कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मौ. सालिम, अरविंद कुमार, संदीप यादव, कैलाश नारायण, मोहन वैद, विवेक कुमार, गोपी चन्द वर्मा, गगन महेन्द्रा, विकास कुमार, मनीष कुमार आदि सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिरफिरे आशिक ने युवती के परिवार पर चाकू से किया हमला, सात हुए घायल

सहारनपुर, 19 दिसंबर (एजेंसी)। देवबंद में सिरफिरे आशिक ने सांपला खत्री गांव में युवती के पूरे परिवार को चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बताया गया कि आरोपी युवती का रिश्ता किसी दूसरी जगह तय किए जाने से नाराज था। हमले में तीन महिलाओं सहित सात लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना देर रात कालीपार क्षेत्र में हुई। करीब दस बजे नाजिम का परिवार सोने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान हाथ में चाकू लेकर एक युवक घर में घुस गया और गाली-गलौज करने लगा। इस बीच जो भी उसे रोकने आया वह उस पर चाकू से वार करता गया। हमले में नाजिम (58), कलीम (48), नईम (45), फरजाना (38), अयान (14), फरयाना (19) और सानिया (16) घायल हो गए। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। जिन्हें देख आरोपी फरार हो गया।

अलका शर्मा क्रान्ति सेना महिला मोर्चा की प.उ.प्र. अध्यक्ष बनी

मुजफ्फरनगर, 19 दिसंबर (बुस.)। क्रांतिसेना मे व्यापार मंडल से जुड़ी अलका शर्मा को क्रांतिसेना महिला मोर्चा के पश्चिमी उत्तरप्रदेश अध्यक्ष पद पर घोषणा की गई। आज क्रांतिसेना कार्यालय पर 22 दिसंबर को होने वाली जन आक्रोश रैली की सफलता पर विचार-विमर्श हेतु आयोजित प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में क्रांतिसेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने अलका शर्मा की नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से पश्चिम उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में मातृशक्ति क्रांतिसेना परिवार का हिस्सा बनेगी। इस अवसर पर क्रांतिसेना के राष्ट्रीय महासचिव संजीव शंकर महाराज, मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने अलका शर्मा की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि उनका क्रांतिसेना में शामिल होना हर्ष का विषय है। सभी पदाधिकारियों ने अलका शर्मा को पटका पहनाकर क्रांतिसेना कि सदस्यता दिलाई। क्रांतिसेना नेताओं ने जनपद भर के सभी कार्यकर्ताओं से 22 दिसंबर मे होने वाली जनआक्रोश रैली बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर आनंद प्रकाश गोयल, आलोक अग्रवाल देवेंद्र चौहान, संजीव वर्मा, नरेन्द्र ठाकुर, गौरव गर्ग, आदित्य कश्यप, राजेंद्र तायल, शैलेन्द्र विश्कर्मा, ललित रुहेला, सुनील प्रजापति, राकेश धीमान, हेमकुमार कश्यप, बाबूराम, मनोज उपाध्याय, आदि अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीएमओ ने जाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ व वैलनेस सेंटरों का सच

880.93 करोड़ रुपए की बड़ी रकम एलआईसी के पास पड़ी है अनक्लेम्ड

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी और प्रमुख बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक चौंकाने वाला आंकड़ा पेश किया है। एलआईसी का कहना है कि,वित्त वर्ष 2023-24 में 880.93 करोड़ रुपए का मैच्योरिटी अमाउंट है। जिस पर कोई दावा नहीं कर रहा है। ये आंकड़ा सामने आने के बाद ये सवाल उठ रहा है कि आखिर इतना बड़ा अमाउंट किन लोगों का है। अगर कोई इन पैसों के लिए क्लेम नहीं करता है तो एलआईसी इन पैसे का क्या करेगा। वहीं, अगर आपने अभी तक अपनी एलआईसी की मैच्योरिटी रकम क्लेम नहीं की है तो इसे कैसे क्लेम किया जा सकता है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार एलआईसी के पास जो 880.93 करोड़ रुपए पड़े हैं। वो वित्त वर्ष 2023-24 में 3.72 लाख पॉलिसीधारकों के हैं। जिन्होंने इसके लिए अभी तक क्लेम नहीं किया है। दरअसल, अनक्लेम्ड रकम का मतलब यह है कि मैच्योरिटी पूरी हो जाने के बाद भी पॉलिसीधारकों ने अपने पैसे नहीं लिए हैं। यदि पॉलिसीधारक को बीमाकर्ता से तीन साल या उससे अधिक समय तक कोई लाभ नहीं मिला है, तो राशि को अनक्लेम्ड मान लिया जाता है।

अब बन रही 200 नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन : वैष्णव

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसी)। लंबी दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत ट्रेनों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। इसका पहला प्रोटोटाइप तैयार हो चुका है और जल्द ही इसकी टेस्टिंग शुरू कर दी है। इसके अलावा 200 वंदे भारत स्लीपर रैक बनाने का ठेका भी तकनीकी भागीदारों को दिया जा चुका है। इन ट्रेनों की टेस्टिंग सफल होने के बाद ही इन्हें चलाने की डेडलाइन तय की जाएगी। रेल मंत्रालय ने लोकसभा में जानकारी दी कि दो दिसंबर 2024 तक छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए देश भर में ब्रॉड गेज इलेक्ट्रिफिकेशन नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। इनमें चेयर कार हैं। अक्तूबर 2024 तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की औसत उपस्थिति 100 प्रतिशत से अधिक रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अप्रैल 2018 से भारतीय रेलवे की प्रोडक्शन यूनिट्स केवल एलएचबी कोच बना रही हैं। इन कोचों का प्रोडक्शन लगातार बढ़ रहा है।

एटीएम के जरिए पीएफ खाते से कितने पैसे निकाल पाएंगे आप?

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसी)। नौकरी करने वाले लोगों का नियम के तहत पीएफ खाता खोला जाता है जिसमें एक रकम जमा की जाती है। वहीं, पीएफ खाता धारक इस जमा किए हुए पैसे को अगले साल से एटीएम से निकाल पाएंगे। माना जा रहा है कि पीएफ खाता धारक जनवरी माह से एटीएम से पैसे निकाल सकेंगे। हालांकि, अभी इसको लेकर कोई तय समय सीमा नहीं बताई गई है। विभाग की तरफ से अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, शुरूआत में खाता धारक अपने पीएफ खाते में जमा कुल राशि का 50 प्रतिशित पैसा ही एटीएम से निकाल पाएगा। हालांकि, हो सकता है कि इस राशि को आगे बढ़ाया जा सके। एटीएम से पैसे निकालने से सबसे बड़ी सुविधा ये होगी की लाभार्थियों को कई दिनों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

हिंदुओं पर अत्याचार से आहत 'फखरुद्दीन' बने 'फतेह बहादुर'

सीतापुर, 19 दिसंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से आहत होकर फखरुद्दीन ने हिंदू धर्म अपना लिया। वह सीतापुर जिले के अटरिया क्षेत्र के गढ़ी के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना संगठन की मदद से उन्होंने कानूनी प्रकिया से हिंदू धर्म अपनाया। इसके बाद पूजा पाठ का आयोजन भी किया गया। फखरुद्दीन ने बताया कि उनकी पहले से ही गो सेवा में रुचि रही है। कई पीढ़ी पहले उनके पूर्वज हिंदू क्षत्रिय थे। बाद में उन्होंने किसी कारण से धर्म परिवर्तन कर लिया था। वर्तमान में जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, उस से मन काफी आहत है। उन्होंने अपना बदला हुआ नाम फतेह बहादुर सिंह रखा है। हिंदू शेर सेना प्रमुख विकास हिंदू ने बताया कि आज काफी लोग घर वापसी करना चाहते है। संगठन उनके साथ हमेशा से खड़ा है। इस मौके पर अतुल मिश्रा, पुनीत सिंह, आशीष सिंह, मनीष मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

योगी का पुतला फूंकते आग की चपेट में आकर झुलसे कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत

लखनऊ, 19 दिसंबर (एजेंसी)। लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत को लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने पार्टी कार्यालय के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला जलाया। एनएसयूआई का कार्यकर्ता अक्षत सिंह आग की चपेट में आ गया और झुलस गया। कांग्रेसियों ने पार्टी मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। शोक सभा में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डे, पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय -पूर्व मंत्री सहित, सांसद, विधायक एवं नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके पहले पुलिस टीम मामले की जांच के लिए बृहस्पतिवार सुबह कांग्रेस कार्यालय पहुंची। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक कांग्रेस दफ्तर के केयरटेकर के बयान दर्ज किए जाएंगे। सीसीटीवी फुटेज को जब्त किया जाएगा। प्रदर्शन का आह्वान करने वाले और इसमें शामिल लोगों से पूछताछ की जाएगी और सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे। इसके पहले बुधवार देर रात फोरेंसिक टीम कांग्रेस कार्यालय पहुंची। फोरेंसिक टीम ने यहां साक्ष्य संकलित किए। प्रभात के मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। यह भी जानकारी की जाएगी कि उनके साथ गोरखपुर से कौन-कौन लोग आए थे और प्रदर्शन के दौरान प्रभात के साथ कौन लोग थे। साक्ष्य संकलन के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोहरे की घनी चादर के साथ निकला दिन

पारा: 21.4/6.4, घने कोहरे की चेतावनी, रविवार से फिर तेजी से बढ़ेगी ठंड

मुजफ्फरनगर, 19 दिसंबर (बु.)। हवाओं की रफ्तार थमी तो एक बार फिर आज शहर घने कोहरे की गिरफ्त में आ गया। इसके चलते आज घने कोहरे के साथ दिन की शुरूआत हुई। सुबह के समय चारों ओर घनी धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। शहर के अंदर भी कोहरा कहीं अधिक तो कहीं कम मौजूद रहा। बाहरी इलाकों में तो कोहरे की घनी चादर के चलते सड़क यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। दिन में धुंध के प्रभाव से पारा गिरकर 21.4 डिग्री पर पहुंच गया, हालांकि बीती रात तापमान 6.4 डिग्री पर रहा। मौसम विभाग ने कोहरे का दौर जारी रहने की संभावना जताई। एक्यूआई फिर बढ़कर 211 हो गया। शीत लहर के बीच नगर में आज फिर से कोहरे ने दस्तक दी। सुबह के समय घने कोहरे के बीच शहर में लोग सोकर उठे तो चारों ओर धुंध का साया था। कहीं कम तो कहीं घनी धुंध के चलते हाथ को हाथ नहीं सुाई दे रहा था। इसके चलते सुबह के समय घूमने वालों और काम पर निकलने वालों को मुश्किलें हुईं और वाहनों को हेडलाइट और फोग लाइट जलाकर चलाना पड़ा। शहर के बाहर हाईवे पर तो स्थिति काफी गंभीर थी। दृश्यता दो सौ मीटर के करीब रह गई। इसके चलते वाहन काफी सतर्कता के साथ रेंगते हुए चले। रेल और सड़क दोनों यातायात कोहरे के कारण प्रभावित हुए। दिन में सूर्य देव खूब चमके लेकिन आसमान पर हल्के कोहरे के साथ धूप की चमक थोड़ा धीमी रही। इसके चलते आज दिन का तापमान दो डिग्री नीचे आ गया। हालांकि बीती रात तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। मौसम विभाग के अनुसार हाल ही के मौसम परिवर्तन के कारण धुंध और वायु प्रदूषण स्तर फिर से बढ़ गया है। पश्चिमी हिमालय में एक नया पश्चिमी विक्षोभ पहुंच रहा है, जिसने मध्य पाकिस्तान और पंजाब में एक चक्रवाती परिसंचरण को बना दिया है। जिसके कारण हवाओं की गति धीमी हो गई है और उनकी दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर बदल गई है। इस बदलाव से दिल्ली और एनसीआर में नमी का स्तर बढ़ गया है। पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के असर से शनिवार के बाद पुरवाई थमेगी और उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलेंगी। इससे फिर से तापमान में गिरावट आनी शुरू होगी और कोहरा छंटेगा। रविवार से सर्दी बढ़ेगी।

इन जिलों में है घने कोहरे की चेतावनी

देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी है।

गुरूवार को भी पेश हुए 2013 दंगे के आरोप

मुजफ्फरनगर, 19 दिसम्बर (बु.)। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम में वर्ष 2013 में एक पंचायत की गई थी। जिसमें जानलेवा हमले व तोड़फोड़ के मामले में पूर्व विधायक उमेश मलिक सहित छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरूवार को बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम में एक युवती से छेड़छाड़ का मामला हुआ था। जिसमें दो अगस्त 2013 को पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य लोग गांव में पहुंच गये थे। दूसरे पक्ष ने उमेश मलिक सहित अन्य कई लोगों पर जानलेवा हमले व तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी थी, जिसमें पुलिस ने इस मामले में फाइनल रिपोर्ट भी लगा दी थी। बाद में कोर्ट ने पूर्व विधायक उमेश मलिक सहित छह आरोपियों को तलब किया। गुरूवार को उक्त सभी छह आरोपियों पूर्व विधायक उमेश मलिक, मनीष, बिजेन्द्र, सतीश व दो अन्य एमपी एमएलए कोर्ट में 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराने के लिए पहुंचे। बयान दर्ज होने के बाद कोर्ट ने इस मामले में बहस के लिए एक जनवरी की तिथि तय की है।

मुख्यमंत्री योगी की बीआईटी सभा का शासन ने किया भुगतान

मुजफ्फरनगर,19 दिसम्बर (बु.)। मीरांपुर विस उपचुनाव से पूर्व यहां पर एनडीए गठबंधन के घटक दल रालोद और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंथन कर चुनावी जमीन तलाशने व शासन की योजनाओं से पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा की थी। उनकी यह वीआईपी विजिट मीरांपुर क्षेत्र के बीआईटी कॉलेज में हुई और यहां पर व्यवस्था बनाने के लिए हुए खर्च की डिमांड करने पर शासन ने लोक निर्माण विभाग को धनराशि जारी कर दी। इसके साथ ही जिले के 3 ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण के लिए शासन से दूसरी किश्त का पैसा जारी हो गया। दोनों कार्यों के लिए 2.27 करोड़ रुपये की धनराशि शासन ने लोक निर्माण विभाग को जारी कर दी है।

बीते 22 अगस्त को सीएम मीरांपुर क्षेत्र के बीआईटी कॉलेज परिसर में एनडीए गठबंधन की धरातल पर चुनावी तैयारियों को परखने, भाजपा और रालोद के कार्यकर्ताओं से संवाद करने और रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए थे, जहां उन्होंने रोजगार मेले के बाद पात्रों को नियुक्ति पत्र व सरकार की योजनाओं के लाभार्थी लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सीएम की वीआईपी विजिट के लिए लोक निर्माण विभाग ने बीआईटी कॉलेज परिसर में हैलीपेड निर्माण करने के साथ मंच, स्विस कॉटेज व बेरिकेडिंग व्यवस्थाएं की गई थी। इस कार्य पर हुए खर्च की डिमांड लोक निर्माण विभाग ने शासन से की थी। डीएम संस्तुति के बाद बिलों को शासन को भेज दिया गया था। शासन द्वारा यह धनराशि जारी कर दी है। यूपी शासन के विशेष सचिव शेषनाथ द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर धनराशि जारी किये जाने की सूचना दी है। वीआईपी विजिट के लिए हुए कार्यों के संबंध में खर्च के भुगतान की डिमांड के अनुसार 01 करोड़ 11 लाख 26 हजार रुपये राशि जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग बिलों का प्री ऑडिट कराये ताकि भविष्य में कोई विसंगति पैदा न हो यदि गलत या फर्जी बिल के सहारे अधिक धनराशि अवमुक्त कराई तो सम्बंधित अभियंता के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की ओर से हुई सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि की डिमांड पर शासन के उप सचिव राजेश प्रताप सिंह ने मुजफ्फरनगर जनपद में स्वीकृत तीन ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के निर्माण के लिए द्वितीय किश्त का पैसा जारी कर दिया। इन ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के निर्माण में जनवरी 2024 को कार्य स्वीकृति कर शासनादेश जारी किया था। इसमें सीकरी से योगेन्द्रनगर सम्पर्क मार्ग, गांव तौफीर से शाहदरा सम्पर्क मार्ग और बेहड़ा अस्सा से जौली रोड तक मार्ग निर्माण शामिल किया था। इसमें शासन ने द्वितीय किश्त में तीनों कार्यों के लिए 01 करोड़ 16 लाख 10 हजार रुपये की धनराशि लोक निर्माण विभाग को जारी कर दी है। इन ग्रामीण संपर्क मार्गों का निर्माण लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा कराया जा रहा है। शासन ने निर्देश दिये हैं कि तीन सड़क निर्माण कार्य के लिए जारी द्वितीय किश्त की धनराशि को 31 मार्च 2025 तक हर दिशा में खर्च करते हुए 30 अप्रैल तक उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

कांधला में खेत में काम कर रहे मजदूर पर तेंदुए ने किया हमला, गंभीर घायल, ग्रामीणों में दहशत

शामली, 19 दिसम्बर (बु.)। जनपद के कांधला थाना क्षेत्र में खेत पर कार्य कर रहे मजदूर पर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को कांधला कस्बे के सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है।

गांव डांगरोल में एक बार फिर तेंदुए का आतंक देखने को मिला है, जहां पर खेत पर काम कर रहे किसान अशोक कुमार के नौकर झारखंड निवासी धर्म सिंह सुबह जल्दी उठकर खेत पर कार्य करने के लिए गया था। किसान अशोक कुमार ने बताया कि उस पर अचानक किसी जानवर ने हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया किसान अशोक कुमार ने इस पूरे मामले की जानकारी वन विभाग को दी ।जिसके बाद सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। मौके पर तेंदुए के पैर के निशान भी मिले हैं। किसान अशोक अंदाजा लगाया कि उसके नौकर पर तेंदुए ने ही हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल किया है। किसान अशोक कुमार के नौकर पर हुए इस हमले के बाद अब अन्य किसानों को भी जंगल में तेंदुए का डर सता रहा है और वह खेत पर जाने से कतरा रहे। इससे पहले भी कई बार तेंदुए के आतंक के चलते कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। और काफी नुकसान झेल चुके हैं।लेकिन वन विभाग इस मामले में कोई भी ठोस कार्रवाई करने में असफल रहा है। अब तेंदुआ को पकड़ने के लिए टीम लगी है लेकिन कोई सफलता नहीं अभी मिल पाई है।

संसद में हाथापाई, राहुल गांधी ने धक्का देकर भाजपा सांसद को घायल किया

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसी)। संसद में गुरुवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया और बीजेपी सांसदों के बीच मकर द्वार के बाहर हुई धक्का-मुक्की के बाद दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दोनों दलों ने एक-दूसरे पर हमले और उकसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। गुरुवार को संसद में उस समय हंगामा मच गया जब इंडिया गठबंधन और बीजेपी सांसद मकर द्वार के बाहर आमने-सामने हो गए। बीजेपी सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने राहुल गांधी पर एक सांसद को धक्का देकर घायल करने का आरोप लगाया। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सारंगी का इलाज भी इसी अस्पताल में चल रहा है। पीएम मोदी ने फोन पर सांसदों का हालचाल जाना है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि बीजेपी सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिससे उनके घुटने में चोट आई। यह घटना बाबासाहेब आंबेडकर के अपमान के विरोध में विपक्षी सांसदों द्वारा संसद परिसर में किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई। बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस में हमला और उकसाने की शिकायत दर्ज कराई। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने बताया, 'हमने मकर द्वार के बाहर हुई घटना का विस्तार से जिक्र किया है, जहां एनडीए सांसद शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे... हमने धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। उन्होंने कहा, 'जब हम विपक्ष में थे तो सदन के अंदर और बाहर सभ्य तरीके से विरोध प्रदर्शन करते थे, लेकिन आज कांग्रेस ने जो किया है, उससे कांग्रेस की सोच और नेतृत्व पर बड़ा सवाल खड़ा होता है... राहुल गांधी और गांधी परिवार को लगता है कि नियम और कानून उनके लिए नहीं बने हैं... उन्होंने सीढ़ियों पर खड़े एनडीए के सांसदों को धक्का दिया और उसमें भाजपा के 2 सांसद गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा... उन्हें माफी मांगनी चाहिए।' भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक ने भी राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है।

राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसी)। संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं कांग्रेस द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस अभी विचार कर रही है। संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का कार्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्कामुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की।

मेरठ में अरिहंत प्रकाशन पर आयकर विभाग का छापे से हड़कंप

मेरठ, 19 दिसंबर (एजेंसी)। मेरठ में विश्वकर्मा ग्रुप पर आयकर विभाग ने छापेमारी कर आज सुबह शहर के बड़े प्रकाशक के यहां छापेमारी की है। बताया गया कि अरिहंत प्रकाशन के दफ्तर और मालिकों के आवास पर आयकर विभाग की टीम कई गाड़ियों में पहुंची और कार्रवाई शुरू कराई। मेरठ बाईपास बिग बाइट के पास अरिहंत प्रकाशन कार्यालय और साकेत स्थित आवास पर आयकर के द्वारा छापा मार की गई। अरिहंत प्रकाशन के संचालक योगेश चंद जैन का साकेत में निवास है। इनके तीन बेटे दीपेश जैन, रितेश जैन और प्रवेश जैन पूरे व्यापार का संचालन करते हैं। कॉम्पिटेटिव बुक पब्लिकेशन में अरिहंत प्रकाशन देश के 5 बड़े पब्लिशर्स में नाम है। मेरठ में विश्वकर्मा ग्रुप के डायरेक्टर और संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष कमल ठाकुर के यहां आयकर विभाग की छापेमारी दो दिन तक चली। वहीं तीनों पार्टनर्स को अभी राहत नहीं है। तीन ऑफिसों पर आईटी टीम की कार्रवाई जारी है।

विश्वकर्मा ग्रुप के डायरेक्टर और संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष कमल ठाकुर के यहां जांच के बाद आयकर की एक टीम लौट गई। हालांकि बुधवार को दूसरे दिन ग्रुप में पार्टनर संजय जैन और मेरठ मॉल स्थित तीनों पार्टनरों के ऑफिस में रेड जारी रही। कार्यालय और घर में विभिन्न दस्तावेजों की जांच की गई। कमल ठाकुर के घर से कैश, ज्वेलरी और सोने की गिन्नी बरामद की गईं। विभागीय अधिकारियों ने बरामद माल की पुष्टि नहीं की है। योगेश चंद जैन के तीन बेटे दीपेश जैन, रितेश जैन और प्रवेश जैन पूरे व्यापार का संचालन करते हैं। कॉम्पिटेटिव बुक पब्लिकेशन में अरिहंत प्रकाशन का देश के 5 बड़े पब्लिशर्स में नाम शामिल है।

बिजली चोरी: सपा सांसद और पिता के खिलाफ एफआईआर

संभल, 19 दिसंबर (एजेंसी)। संभल सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि उनके पिता ममलुकुर्रहमान बर्क और दो बाउंसर वसीम व सलमान के खिलाफ बिजली अधिकारियों-कर्मचारियों को धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिजली टीम ने बृहस्पतिवार की सुबह फोर्स के साथ सांसद के दीपासराय स्थित घर पर उपकरणों की जांच की तो यहां 16 किलो वाट से अधिक की बिजली खपत पाई गई। जबकि पिछले छह महीने से उनके घर की बिजली खपत जीरो मिल रही थी। मामले को गंभीरता से लेकर बिजली अधिकारियों ने उनके घर की बिजली भी काट दी है। मंगलवार को अधिकारियों ने फोर्स के साथ पहुंचकर स्मार्ट मीटर लगाया था। इसके बाद बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े सात बजे बिजली एसडीओ अजय शर्मा और संतोष त्रिपाठी ने नेतृत्व में टीम सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपासराय स्थित घर पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में फोर्स भी मौजूद रहा।

अलीगढ़ में मिला एक और बंद मंदिर: खंडित मिलीं मूर्तियां, पचास साल से नहीं हुई पूजा

अलीगढ़, 19 दिसंबर (एजेंसी)। अलीगढ़ में 24 घंटे के अंदर एक और मंदिर मिला है। मंदिर कई सालों से बंद बताया जा रहा है। हिंदूवादी संगठनों ने सराय मियां में पहुंचकर मंदिर को खुलवाया। 18 दिसंबर को शहर के शहर के अतिसंवेदनशील मोहल्ला सराय रहमान की घनी मुस्लिम आबादी में 50 साल पुराना मंदिर जर्जर हालत में मिला था, जिसमें देवी-देवताओं की मूर्तियां गायब थीं। शिवलिंग को मिट्टी से दबा दिया गया था। चौखट पर एक पुराना सा ताला लटका था और दरवाजा गायब था। थाना देहली गेट क्षेत्र के मोहल्ला सराय मियां की घनी मुस्लिम आबादी में 19 दिसंबर को प्राचीन शिव मंदिर मिला है। मंदिर में खंडित मूर्तियां हैं। मंदिर परिसर में कूड़े के ढेर लगे हैं। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के नेताओं का आरोप है कि मंदिर परिसर में बने कमरों को तोड़कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। मंदिर जर्जर हालत में है। भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कोरी समाज की घनी आबादी थी, लेकिन धीरे-धीरे लोग यहां से मकान बेचकर चले गए। अब यहां घनी मुस्लिम आबादी है। एक भी हिंदू परिवार नहीं रहता। पास के मोहल्ले में रहने वाले भजनलाल माहौल ने बताया कि पिछले 50 साल से मंदिर में पूजा अर्चना नहीं हुई है। हिंदू संगठनों के नेताओं ने यहां पूजा-अर्चना शुरू कर दी है।

अंबेडकर का हुआ अपमान,शाह अपने शब्द लें वापस : मायावती

लखनऊ 19 दिसंबर (वार्ता) बसपा अध्यक्ष मायावती ने संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपने शब्द वापस लेने की मांग की है। सुश्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में भारतीय संविधान के निर्माता व दलितों एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है उससे बाबा साहेब की गरिमा व अस्तित्व को काफी ठेस पहुँची है। इससे पूरे देश में इनके अनुयाइयों में जबरदस्त गुस्सा एवं आक्रोश व्याप्त है और उन्हें अपने शब्द वापस लेने चाहिये। उन्होने कहा कि वरना बाबा साहेब के अनुयायी इस घटना को कभी भी भुला नहीं पायेंगे। जिस प्रकार कांग्रेस के असंख्य गलत कारनामों को इनके अनुयायी अभी तक भी भुला नहीं पाये हैं और ना ही ये कभी कांग्रेस को इन सबके लिए कभी भी माफ करने वाले हैं।

अंबेडकर के अपमान पर सपा के प्रदर्शन के चलते विधानसभा अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित

लखनऊ, 19 दिसंबर (एजेंसी)। यूपी विधानसभा में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर सपा ने बृहस्पतिवार को सदन में जोरदार हंगामा किया। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हंगामे और शोर-शराबे की बीच ही सभी विधायी कार्य निपटाने के बाद सदन की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। उधर अध्यक्ष के बार-बार अनुरोध के बाद भी सपा सदस्य वेल में खड़े होकर नारोबाजी करते रहे। इधर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना विधायी कार्य निपटाते रहे।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्य डॉ. अंबेडकर की फोटो हाथ में लेकर वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा उनसे बार-बार अपनी सीट पर वापस जाने की अपील की गई, जिसे उन्होंने अनसुना कर दिया। सपा सदस्यों की नारेबाजी की वजह से प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। जबकि विधानसभा अध्यक्ष बार-बार प्रश्न लगाने वाले सपा विधायकों से अपने सवाल पूछने का अनुरोध करते रहे। बृहस्पतिवार को करीब एक घंटे तक चली सदन की कार्यवाही के दौरान जय भीम, बाबा साहब का मिशन अधूरा-अखिलेश यादव करेंगे पूरा, बाबा साहब का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे तमाम नारे गूंजते रहे। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सपा के पास हल्ला मचाने के अलावा कोई काम नहीं है। डॉ. अंबेडकर का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा और एनडीए ने किया है। उनसे जुड़े सभी महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित कर पीएम मोदी ने पंचतीर्थ की स्थापना की। डॉ. अंबेडकर के संविधान के मुताबिक पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताएं और कार्यशैली रहती है। इन लोगों ने तो संविधान की प्रस्तावना को ही बदल दिया था, जो नामुमकिन था। ये लोग सदन को चलने नहीं देना चाहते हैं। सदन में जारी प्रदर्शन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार सपा सदस्यों से अपनी सीट पर जाने की अपील करते रहे। इसे अनसुना करने पर उन्होंने कहा कि आप बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं। उनकी फोटो लेकर इस तरह प्रदर्शन करना संविधान की भावना के विपरीत है। डॉ. अंबेडकर ने भी कहा था कि सदन में केवल जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा होनी चाहिए।

अनशन के 24वें दिन किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी

जींद (हरियाणा), 19 दिसंबर (एजेंसी)। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत धरने पर वीरवार को ज्यादा बिगड़ गई। पिछले दो दिन से डल्लेवाल मंच पर भाषण देने में भी असमर्थ थे। इसके चलते तंबू में ही डल्लेवाल के स्वास्थ्य की देखभाल की जा रही थी। वीरवार को दोपहर के समय डल्लेवाल की तबीयत गंभीर हो गई और वह बेहोश हो गए। इसके बाद उनको तीन से चार उल्टियां भी लगी।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 24 दिन से अनशन पर बैठे हैं। प्रतिदिन चिकित्सक उनके स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं, हालांकि शरीर का तापमान पिछले कई दिनों से स्थिर बना हुआ था। बीपी, शुगर, प्लस की प्रतिदिन चिकित्सक जांच कर रहे हैं। अनशन पर होने के कारण शरीर लगातार कमजोर हो रहा था। पिछले एक सप्ताह पहले वजन भी 11 किलोग्राम कम हुआ था। डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जाहिर कर चुका है, लेकिन वह एमएसपी की मांग को लेकर अनशन पर अडिग है। इसको लेकर केंद्र सरकार द्वारा भी कमेटी बनाई गई है। 18 दिसंबर को कमेटी व किसान संगठनों की बातचीत होनी थी, लेकिन किसान संगठन इसमें शामिल नहीं हुए। धरने पर डल्लेवाल के स्वास्थ्य के खराब होने की सूचना पर पंजाब की तरफ से किसानों के ज्यादा संख्या में एकजूट होने की सूचना मिली है। डल्लेवाल उल्टियां आने के बाद दस मिनट तक बेहोश रहे। इसके बाद मौजूद चिकित्सकों पर किसान नेताओं ने उनकी संभाल की तो होश आया। फिलहाल डल्लेवाल की हालात स्थिर बनी हुई है। भारतीय कि